▪ मार्गशीर्ष शुक्ल - 12 ▪ संवत 2080 ▪ वर्ष - 19 ▪ अंक - 149 ▪ पृष्ठ - 8 ▪ रु. 5/- बेंगलूरु » रविवार » 24-12-2023 ▪ www.dakshinbharat.com ▪ Email : news@dakshinbharat.com



# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

ದಕ್ಷಿಣ ಭಾರತ ರಾಷ್ಟ್ರಮತ | ಹಿಂದಿ ದಿನ ಪತ್ರಿಕೆ | बेंगलूरु और चेन्नई से एक साथ प्रकाशित



5 रोज मोदी का अपमान करते हैं, देश में बने ठगबंधन के नेता : केशव प्रसाद मौर्य
6 सिपाही गुरतेज सिंह : चीन के कंटीले हथियार भी हौसला नहीं डिगा सके
7 श्रीमद रामायण में 'कैकयी' की भूमिका निभाकर रोमांचित और खुश हैं शिल्पा सकलानी

## फर्स्ट टेक

### ईरान ने भूमध्य सागर को बंद करने की दी चेतावनी

**गाजा/वार्ता।** ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड्स के एक कमांडर ने कहा कि अगर अमेरिका और उसके सहयोगी गाजा में 'अपराध' करना जारी रखते हैं, तो भूमध्य सागर को बंद किया जा सकता है। ईरानी मीडिया ने शनिवार को यह जानकारी दी। तस्नीम समाचार एजेंसी ने गार्ड्स के समन्वयक कमांडर ब्रिगेडियर जनरल मोहम्मद रज़ा नकदी के हवाले से कहा, वे जल्द ही भूमध्य सागर, जिब्राल्टर जलडमरूमध्य और अन्य जलमार्गों के बंद होने का इंतजार करेंगे। अल जजीरा ने इजरायली सेना के हवाले से बताया कि उसने पिछले सप्ताह गाजा के अंदर 200 हमास और इस्लामिक जिहाद लड़ाकों को गिरफ्तार किया है। सेना ने कहा कि उन्हें आगे की जांच के लिए इज़रायल स्थानांतरित कर दिया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, अब तक 700 हमास सदस्यों को पूछताछ के लिए ले जाया गया है। एक्स पर एक पोस्ट में, फिलिस्तीनी रेड क्रॉस सोसाइटी ने कहा कि इजरायली कब्जे वाली सेना ने उत्तरी गाजा में जबालिया एम्बुलेंस केंद्र से उनकी आठ टीमों को हिरासत में लेना जारी रखा है।

सूर्यास्त 24-12-2023 6:00 बजे | सूर्योदय 25-12-2023 6:38 बजे

| BSE | NSE |
|---|---|
| 71,106.96 | 21,349.40 |
| (+241.86) | (+94.35) |

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 6,487 रु. | 76,850 रु. |
| (24 कैरेट) प्रति ग्राम | प्रति किलो |

**मिशन मंडेला**
दक्षिण भारत राष्ट्रमत
दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक
epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

### जातिवाद

जाति व्यवस्था खत्म करो,
क्या कोई भी दल बोलेगा?
या बस वोटों के हित में ही,
जहर जाति का घोलेगा।
सबको अधिकार बराबर अब,
निज कर्म जाति को तोलेगा।
हैं संविधान में सब समान,
यह भेद कौन कब खोलेगा??

## भारतीय संस्कृति का तिरस्कार करने वाली ताकतों का प्रतिकार किया जाना चाहिए : धनखड़

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



■ इस 'महान देश' में कुछ गुमराह लोग हैं जो हाल के वर्षों में हुई प्रगति को पचा नहीं पा रहे हैं।

**देहरादून/भाषा।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को कहा कि देश में एक छोटा वर्ग है जिसके मन में भारत की पांच हजार साल पुरानी सांस्कृतिक विरासत के प्रति कोई सम्मान नहीं है। उन्होंने कहा कि भारत की संस्कृति पर गर्व करने वालों को ऐसी ताकतों का प्रतिकार करना चाहिए।

हरिद्वारा के गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए धनखड़ ने कहा, '' यह चिंता का विषय है कि देश में एक वर्ग है जिसके मन में भारत की पांच हजार साल पुरानी संस्कृति या इसके गौरवशाली अतीत के प्रति कोई सम्मान नहीं है, लेकिन यह वर्ग बहुत छोटा है। उनके मन में तिरस्कार का भाव है और वे देश की छवि खराब कर रहे हैं। वे या तो भ्रमित हैं या गुमराह हैं। ऐसे लोग उन लोगों द्वारा प्रतिकार के पात्र हैं जो अपनी संस्कृति और जड़ों पर गर्व करते हैं।''

उपराष्ट्रपति ने कहा कि इस 'महान देश' में कुछ गुमराह लोग हैं जो हाल के वर्षों में हुई प्रगति को पचा नहीं पा रहे हैं। उन्होंने कहा, '' वे मातृ भाषा में समावेशी शिक्षा नीति के खिलाफ हैं। वह दिन दूर नहीं जब भारत में सारी शिक्षा मातृभाषा में दी जायेगी।''

उपराष्ट्रपति ने गुरुकुल कांगड़ी (मानित) विश्वविद्यालय को भारतीय राष्ट्रवाद का केंद्र और इसके सांस्कृतिक लोकाचार के सार का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि कुछ पश्चिमी विश्वविद्यालय भारत की विकास यात्रा को धूमिल करने में लगे हुए हैं। उपराष्ट्रपति ने विश्वविद्यालय से इसका मुकाबला करने को आह्वान किया।

## भारत सीमा पर अपने बुनियादी ढांचे को गंभीरता के साथ मजबूत कर रहा : जयशंकर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**गांधीनगर/भाषा।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शनिवार को कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करने की गंभीरता के साथ देश अपनी सीमा के बुनियादी ढांचे को मजबूत बना रहा है और चीन सीमा पर सड़कों, पुलों और सुरंगों का निर्माण पिछले दशकों की तुलना में बहुत तेज गति से किया जा रहा है।

विदेश मंत्री ने कहा कि वर्ष 1962 में चीन के साथ युद्ध में भारत को सीमावर्ती क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे के प्रति 'आत्मसंतोष' और 'उपेक्षा' के रवैये के कारण मिले झटके के बावजूद यह देश तब तक सबक सीखने में विफल रहा जब तक कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने सुरक्षा के क्षेत्र के क्षेत्र में काम शुरू नहीं किया। उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार उसी गंभीरता के साथ बुनियादी ढांचे को मजबूत कर रही है जिसकी यह हकदार है।


राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय (आरआरयू) के तीसरे दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुये केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत ने अपनी कूटनीतिक रणनीति में सुरक्षा कारकों को गंभीरता के साथ शामिल किया है। उन्होंने कहा, ''हथियार हासिल करना और विकसित करना तथा संबंधित क्षमताओं का निर्माण न केवल हमारी रक्षा नीतियों, बल्कि हमारी कूटनीति के मूल में भी रहा है।'' उन्होंने कहा कि सुरक्षा और युद्ध के लिए लॉजिस्टिक्स (रसद आपूर्ति) अहम है, लेकिन हाल के वर्षों तक यह एक उपेक्षित आयाम बना रहा।

## वीवो-इंडिया के तीन शीर्ष अधिकारी धनशोधन मामले में गिरफ्तार

**नई दिल्ली/भाषा।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने चीनी स्मार्टफोन निर्माता वीवो-इंडिया और कुछ अन्य लोगों के खिलाफ जारी धनशोधन के आरोपों की जांच के सिलसिले में कंपनी के तीन शीर्ष अधिकारियों को गिरफ्तार किया है। आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वीवो-इंडिया के अंतरिम मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) होंग शुक्रान उर्फ टेरी, मुख्य वित्त अधिकारी (सीएफओ) हरिंदर दहिया और सलाहकार हेमंत मुंजाल को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत हिरासत में लिया गया है। संघीय एजेंसी ने पहले इस मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया था जिनमें मोबाइल फोन निर्माता कंपनी लावा इंटरनेशनल के प्रबंध निदेशक (एमडी) हरिओम राय, चीनी नागरिक गुआंगवेन उर्फ एंड्रयू कुआंग, चार्टर्ड अकाउंटेंट नितिन गर्ग और राजन मलिक शामिल हैं। चारों फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं।


## कांग्रेस ने 12 महासचिव और 12 प्रभारी नियुक्त किए

**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शनिवार को अपनी टीम में बड़ा बदलाव करते हुए 12 महासचिवों और 12 प्रदेश प्रभारियों की नियुक्ति की। पार्टी के संगठन महासचिव के.सी. वेणुगोपाल की ओर से जारी विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई है। इनमें सबसे प्रमुख नाम प्रियंका गांधी वाद्रा का है जिन्हे महासचिव के तौर पर बरकरार रखा गया है लेकिन फिलहाल उन्हें किसी प्रदेश का प्रभार या कोई अन्य जिम्मेदारी नहीं दी गई है। वह पिछले करीब पांच वर्षों से उत्तर प्रदेश की प्रभारी की भूमिका निभा रही थीं। प्रियंका गांधी के स्थान पर पार्टी महासचिव अविनाश पांडे को उत्तर प्रदेश का नया प्रभारी नियुक्त किया गया है। वेणुगोपाल संगठन महासचिव बने रहेंगे तथा महासचिव जयराम रमेश भी पार्टी की संचार विभाग के प्रभारी की जिम्मेदारी निभाते रहेंगे।






## सहज स्मृति योग



व्यक्ति के मन में जो आध्यात्मिक प्रश्न उठते हैं उनका इस स्तंभ में समाधान प्रस्तुत करने का काम कर रहे हैं गुरुजी श्री नंदकिशोर तिवारी। व्यक्ति की पृष्ठभूमि चाहे किसी भी मत, सम्प्रदाय, मज़हब से हो, सहज स्मृति योग का सरोकार मनुष्य के मात्र आत्मवान होने से है। इसलिए सहज स्मृति योग का ध्यान केवल जिज्ञासु के समाधान पर रहता है। आप भी अपनी जिज्ञासाएं guruji@darpanfoundation.com पर ईमेल या व्हाटस अप (9902912396) द्वारा भेज सकते हैं।

**प्रश्न:** गुरुजी, आप बारंबार कहते हैं कि जब हम सदैव वह करते हैं जो हमें करना चाहिए तो हम कभी भी वह कर ही कैसे सकते हैं जो हमें नहीं करना चाहिए? लेकिन, हमें सदैव करना क्या चाहिए ये तो बताइए ?

**उत्तर:** सदैव हम सबको परमात्म दर्शन करना चाहिए। सच्चा और यथार्थ उत्तर तो इतना सा ही है। लेकिन, इसका विस्तार हरेक के गुरु को, हरेक के लिए उतना करना पड़ता जितने में हरेक अर्हता, योग्यता, पात्रता पाकर निरंतर परमात्म दर्शन का अधिकारी न हो जाए।

## पूर्व प्रधानमंत्री नरसिहं राव को दी श्रद्धांजलि

हैदराबाद/भाषा। तेलंगाना की राज्यपाल तमिलिसाई सौंदरराजन, मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी और कई नेताओं ने शनिवार को पूर्व प्रधानमंत्री पी.वी. नरसिंह राव को उनकी 19वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की। सौंदरराजन, हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय, रेड्डी, राज्य के मंत्रियों और राव के परिवार के सदस्यों सहित अन्य लोग यहां हुसैन सागर झील पर पूर्व प्रधानमंत्री की समाधि 'पी वी ज्ञान भूमि' पर एकत्रित होकर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर रेड्डी ने कहा कि राव महान प्रतिभा थे जिन्होंने दुनिया भर में देश के यश फैलाया।

मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा जारी एक विज्ञप्ति के मुताबिक रेड्डी ने याद किया कि कैसे जब देश की अर्थव्यवस्था डांवाडोल थी तब राव ने साहसिक फैसले लिए थे।



# जेबीएन सदस्य सक्रिय भागीदारी निभा रहे है : प्रमोद बाफना

## 'जीतो' जेबीएन टाईकूंस की बैठक

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। 'ऐसा कहा जाता है कि दुनिया में केवल एक पिता ही होता है जो चाहता है उसका पुत्र उससे भी ज्यादा प्रगति करे। काफी हद तक यह बात सत्य भी है, जीतो के जेबीएन सदस्य भी कुछ वैसी ही भावना या सोच रखते है। जेबीएन सदस्य हमेशा अपने साथी सदस्यों के व्यापारिक उत्थान में सक्रीय भागीदारी निभाते है और उसी का परिणाम है कि प्रत्येक सभा में आपसी रेफरलों से साथी सदस्यों को लाखों का व्यापार मिलता है।' यह बात जीतो नॉर्थ के सचिव व जेबीएन संयोजक प्रमोद बाफना ने जीतो नॉर्थ के जेबीएन टाइकूंस की बैठक में कही। साथ ही उन्होंने कहा कि सदस्यों की इसी सोच के कारण सकारात्मक व्यवसायिक परिणाम मिलते रहे है।

एक पंचसितारा होटल में आयोजित जेबीएन टाइकूंस की बिज़नेस मीट की शुरूआत मंगलाचरण से हुई। टाइकूंस अध्यक्ष बसंत बेताला ने स्वागत करते हुए कहा कि यह सदस्यों के प्रति सहयोग की भावना का ही परिणाम है कि टाइकूंस परिवार में निरंतर बढ़ोतरी हो रही है। उपाध्यक्ष हर्ष चोरडिया के अनुसार बैठक में 61 सदस्यों व 9 आमंत्रितों की उपस्थिति रही। सचिव शैलेश श्रीश्रीमाल के अनुसार बैठक में 210 रेफ़रल व 62 वन टू वन के माध्यम से लगभग एक 1.22 करोड़ रुपयों के व्यापारिक समझौते हुए। बैठक में शिक्षा स्लॉट के अन्तर्गत बालाजी ने सदस्यों को व्यवसायिक गुर सिखाये। महावीर फ़ार्मलेंड्स के रूपचंद कुंभट ने 8 मिनट की ज्ञानवर्धक प्रस्तुति दी। जीतो नॉर्थ के उपाध्यक्ष व मीडिया प्रभारी सिद्धार्थ बोहरा के अनुसार स्वास्थ्य व फिटनेस की श्रेणी में दर्शन एन. को टाइकूंस में सम्मिलित किया गया।



# 'मातृछाया' की कार्यकारिणी बैठक में हुई अनेक जीवदया, मानवसेवी कार्यों पर चर्चा

## जरुरतमंदों के लिए सात दिवसीय तीर्थ यात्रा आयोजित करेगी संस्था

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। जैन महिला संगठन 'मातृछाया' की कार्यकारिणी समिति की बैठक शनिवार को चामराजपेट स्थित ललिता नागौरी के निवास पर हुई जिसमें 40 सदस्याओं ने भाग लिया। सबसे पहले रेशमा बडोला, पुष्पा बाफना, लीला भंसाली, त्रिशला दांतेवाडिया द्वारा मंगलाचरण व सरस्वती वंदना की गई। पुष्पा नागोरी एवं मीना सोनीगरा ने अपने विचारों से अवगत कराते हुए बताया कि एक संस्था तभी कार्यशील व सशक्त बनी रहती है ,जब संस्था की सारी सदस्याएं सेवा-सहयोग हेतु तन-मन-धन से साथ जुडी रहें व संस्था के सेवा कार्यो मे आर्थिक सहयोग लाने मे प्रयत्नशील रहे। उन्होंने गत तीन माहों के कार्यों की विस्तार से जानकारी दी।

मीना जैन, रेणु गांधी, पवन मुथा, मीना सोलंकी ने सुझाव दिए कि संस्था को जरुरतमंदो के लिए सभी सुविधा युक्त तीर्थयात्रा का कार्यक्रम बनना चाहिए जिसपर सर्वसम्मति बनी और सात दिवसीय यात्रा आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बबीता श्रीश्रीमाल,पवनी तलावत, पूर्व अध्यक्ष निर्मला दांतेवाडिया ने अन्नदान कार्य तथा जरूरतमंदों को राशन सामग्री व रोजगार उपलब्ध करने के कार्य को गति प्रदान करने जोर दिया। जीना मेहता, ममता बाफना, सुशीला कबदी, मोनिका पालरेचा, हेमा बंदामुथा, सरला मेहता ने गायों व पशुधन हेतु विशाल शेड निर्माण की योजना रखी है।

सोनाली ललवानी, वीणा सालेचा, कविता जैन, दीपमाला, ऊषा चोपड़ा,मधु तातेड, मनीषा सालेचा, कंचन मुथा, पिंकी बंदा, ईशा बोहरा, आशा नवलखा, रतन दांतेवाडिया, रिंकु फोलामुथा,काजल जैन आदि सदस्याएं भी उपस्थित थीं। त्रिशला कोठारी ने यह जानकारी दी।

### सम्मान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



कर्नाटक इनरवियर एसोशिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष दिलीपकुमार जैन का कर्नाटक होजरी एवं गारमेंट एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने सम्मान किया गया।

## 'नकली' दवा विवाद : भाजपा ने दिल्ली के मंत्री भारद्वाज को बर्खास्त करने, कांग्रेस ने जांच की मांग की

नई दिल्ली/भाषा। दिल्ली सरकार के अस्पतालों में 'नकली' दवाओं की कथित आपूर्ति पर उपराज्यपाल वी के सक्सेना द्वारा केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से जांच की सिफारिश के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की प्रदेश इकाई ने स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज को बर्खास्त करने की शनिवार को मांग की।

कांग्रेस की दिल्ली इकाई ने कहा कि यह ''गंभीर मामला'' है और जांच के बाद दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए।

संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए, भाजपा की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने स्थिति के लिए आम आदमी पार्टी (आप) नीत सरकार को जिम्मेदार ठहराया।

सचदेवा ने कहा, ''हमारे पास लैब और सतर्कता रिपोर्ट है। दिल्ली सरकार के अस्पतालों में दी जा रही दवाओं के नमूने फेल हो गए हैं। हम मांग करते हैं कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल अपने स्वास्थ्य मंत्री को तुरंत बर्खास्त करें।''

रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा कि जांच तेजी से पूरी होनी चाहिए। उन्होंने जोर दिया कि घटिया दवाओं का मुद्दा सिर्फ भ्रष्टाचार का मामला नहीं है क्योंकि इससे लोगों की जान को खतरा है। उन्होंने कहा, ''इसके लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए।''

प्रदेश कांग्रेस प्रमुख अरविंदर सिंह लवली ने इस मुद्दे पर गौर करने के लिए एक मेडिकल बोर्ड के गठन की मांग की। उन्होंने कहा, ''यह एक गंभीर समस्या है और इसकी जांच होनी चाहिए...सरकार को एक मेडिकल बोर्ड का गठन करना चाहिए ताकि अन्य दवाओं का भी परीक्षण किया जा सके और दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए।''

### विरोध



नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता और कार्यकर्ता शनिवार को जम्मू के पुंछ जिले में सेना के वाहनों पर घात लगाकर किए गए हमले में तीन नागरिकों की रहस्यमय मौत के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते हुए।

# अमित शाह ने भाजपा के राष्ट्रीय पदाधिकारियों की दिल्ली में हुई बैठक में हिस्सा लिया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/भाषा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को यहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय पदाधिकारियों की बैठक में हिस्सा लिया और पार्टी नेताओं के साथ बातचीत की।

बैठक के दूसरे और आखिरी दिन शाह दोपहर में यहां भाजपा मुख्यालय पहुंचे। बैठक में भाजपा अध्यक्ष जे.पी.नड्डा भी उपस्थित थे। इसमें पार्टी की सभी राज्य इकाइयों के प्रमुख भी भाग ले रहे हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को भाजपा के राष्ट्रीय पदाधिकारियों की बंद कमरे में हुई एक बैठक को संबोधित किया था। इस दौरान पार्टी ने 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए अपनी संगठनात्मक तैयारियों का जायजा लिया और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की।

आधिकारिक रूप से यह नहीं बताया गया कि बंद कमरे में हुई बैठक के दौरान मोदी या नड्डा ने क्या कहा। लेकिन सूत्रों ने कहा कि पार्टी नेताओं के लिए सामान्य संदेश यह था कि चुनाव की घोषणा से पहले बचे तीन महीनों में सरकार के अच्छे कार्यों की जानकारी जनता तक पहुंचाएं।

देश में चल रही 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' को लेकर मिली सकारात्मक प्रतिक्रिया के बारे में शुक्रवार को बैठक में चर्चा की गई। यह केंद्र सरकार का एक प्रमुख कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य अपनी कई कल्याणकारी योजनाओं की अहर्ता वाले लाभार्थी तक पहुंच सुनिश्चित करना है।

भाजपा ने अपने सदस्यों से यह सुनिश्चित करने को कहा है कि अधिक से अधिक संख्या में लोगों को इसका लाभ मिले।

चुनाव नतीजों ने, खासकर तीन हिंदी भाषी राज्यों मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में भाजपा को मिली जीत ने पार्टी का मनोबल बढ़ाया है। वह तीसरी बार केंद्र में सत्ता बरकरार रखने की कोशिश करेगी।

# पुंछ हमला : आतंकवादियों की तलाश जारी, मारे गये तीन लोगों के परिजनों को मुआवजा और नौकरी की घोषणा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जम्मू/भाषा। जम्मू कश्मीर में सेना के दो वाहनों पर हमला करने वाले आतंकवादियों को पकड़ने के लिये बड़े पैमाने पर तलाश अभियान चलाया जा रहा है। इस हमले में पांच सैनिक शहीद हो गये थे। जम्मू कश्मीर प्रशासन ने उन तीन लोगों के परिजनों को शनिवार को मुआवजा और नौकरी देने की घोषणा की, जो पुंछ जिले में मृत पाए गए थे। पुंछ जिले में 27 से 42 वर्ष की आयु के तीन लोग शुक्रवार को 'रहस्यमय परिस्थितियों' में मृत पाए गए थे।

मरने वालों के परिजनों एवं राजनीतिक नेताओं ने आरोप लगाया कि बृहस्पतिवार को घात लगा कर हुये हमले के सिलसिले में जिन आठ लोगों को सेना ने पकड़ा था, वे तीनों उनमें शामिल थे। उनका यह भी आरोप है कि चार लोगों को प्रताड़ित किए जाने के बाद एक सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

अधिकारियों ने कहा कि नागरिकों के शवों को शनिवार दोपहर बफ़लियाज़ के कब्रिस्तान में दफनाया गया था।

अधिकारियों ने कहा कि चूंकि तलाश अभियान जारी है और स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है, इसलिए अधिकारियों ने अफवाह फैलाने वालों को रोकने तथा किसी भी तरह की कानून-व्यवस्था की समस्या को रोकने के लिए एहतियात के तौर पर पुंछ और पड़ोसी राजौरी जिले में मोबाइल इंटरनेट सेवाओं को निलंबित कर दिया है। संघ शासित प्रदेश के जन संपर्क विभाग ने एक पोस्ट में 'एक्स' पर कहा, ''पुंछ जिले के बफलियाज में कल तीन लोगों के मारे जाने की खबर आयी । चिकित्सीय कानूनी औपचारिकताएं पूरी की जा चुकी है, और इस मामले में उचित प्राधिकारी द्वारा कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।''

इसमें कहा गया है, ''मरने वाले सभी लोगों के लिये सरकार ने मुआवजे की घोषणा की है। इसके साथ ही सरकार ने मरने वाले के निकटतम परिजन को नौकरी देने का भी ऐलान किया है।''

बृहस्पतिवार को ढेरा की गली और बफलियाज के बीच धत्यार मोड़ पर हथियारों से लैस आतंकवादियों ने सेना के दो वाहनों पर घात लगाकर हमला किया, जिसमें पांच सैनिक शहीद हो गये जबकि दो अन्य घायल हो गये ।

यह हमला तब हुआ जब सुरक्षाकर्मी थानामंडी-सूरनकोट क्षेत्र में ढेरा की गली के सामान्य क्षेत्र में तलाश अभियान के लिए जा रहे थे।

अधिकारियों ने कहा कि हमले के तुरंत बाद, सुरक्षा बलों ने घने जंगली इलाकों में बड़े पैमाने पर तलाश अभियान शुरू किया, जिसमें राजौरी का निकटवर्ती थानामंडी भी शामिल है । हालांकि, फरार आतंकवादियों का अब तक पता नहीं चल पाया है।

शनिवार दोपहर ढेरा की गली इलाके में एक जंगल के अंदर गोलीबारी की आवाज सुनी गई। सुरक्षा एजेंसियों ने बाद में स्पष्ट किया कि सुरक्षा बलों ने एक प्राकृतिक गुफा की जांच के दौरान यह गोली चलायी थी ।

सूत्रों ने बताया कि मरने वाले तीन लोगों के शव पोस्टमार्टम के बाद शनिवार की सुबह उनके परिजनों को सौंप दिये गये ।

# एयर इंडिया का पहला चौड़े आकार का ए350-900 विमान भारत पहुंचा

नई दिल्ली/भाषा। एयर इंडिया का पहला चौड़े आकार का ए350-900 विमान यूरोप की प्रमुख विमानन कंपनी एयरबस की फ्रांस स्थित टूलूज इकाई से शनिवार को यहां पहुंचा। बयान के अनुसार, वीटी-जेआरए के तौर पर पंजीकृत विमान राष्ट्रीय राजधानी स्थित इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पर दोपहर 1.46 बजे उतरा। इसके साथ ही टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयरलाइन अपने बेड़े में इस प्रकार का विमान रखने वाली भारत में पहली विमानन कंपनी बन गई है।

इसमें कहा गया कि डिलिवरी उड़ान विशेष कॉल साइन एआई350 का उपयोग करके संचालित की जाती है। एयरलाइन ने कहा कि यह विमान एयर इंडिया के 20 एयरबस ए350-900 के ऑर्डर में से पहला है। इसकी मार्च, 2024 तक पांच और विमानों की आपूर्ति निर्धारित है। एयरबस के साथ अपने अब संशोधित 250 विमान ऑर्डर में एयर इंडिया 40 ए350 विमान लेगी, जिनमें 20-20 विमान ए350-900 और ए350-1000 होंगे।

## केरल में कांग्रेस के मार्च में हिंसा, पुलिस ने छोड़ीं पानी की बौछारें

तिरुवनंतपुरम/भाषा। केरल में विपक्षी दल कांग्रेस ने शनिवार को यहां केरल पुलिस महानिदेशक कार्यालय की ओर कूच किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने पुलिसकर्मियों पर पथराव किया जिसके बाद भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने पानी की बौछारें छोड़ीं। यह मार्च केरल प्रदेश कांग्रेस कमेटी (केपीसीसी) ने वाम सरकार के लोगों तक पहुंचने के कार्यक्रम 'नव केरल सदास' के खिलाफ आंदोलन के दौरान अपने कार्यकर्ताओं पर पुलिस के कथित अत्याचार के विरोध में आयोजित किया था। जिस वक्त पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े और पानी की बौछारें छोड़ीं उस वक्त केपीसीसी प्रमुख के. सुधाकरन, विधानसभा में विपक्ष के नेता वीडी सतीशन, वरिष्ठ नेता रमेश चेन्निथला, तिरुवनंतपुरम से सांसद शशि थरूर सहित वरिष्ठ नेता डीजीपी कार्यालय के पास अस्थायी मंच पर मौजूद थे।

सुधाकरन और चेन्निथला आंसू गैस के गोलों से प्रभावित हुए जिसके बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उन्हें पास खड़ी एक कार तक पहुंचाया।

दोनों नेताओं को उपचार के लिए पास के अस्पताल ले जाया गया है। सुधाकरन ने अस्पताल में मीडिया से बातचीत में पार्टी नेताओं पर हमले को ''अप्रत्याशित'' करार दिया। उन्होंने कहा,'' हम शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे थे। पुलिस के बीच मौजूद गुंडों ने बिना किसी उकसावे के हमला किया। उस दौरान वरिष्ठ नेता मौजूद थे।'' सतीशन ने पुलिस की आलोचना करते हुए कहा कि नेताओं पर इस प्रकार का ''हमला'' केरल के इतिहास में पहली बार हुआ है। कांग्रेस नेता थरूर ने कहा कि आंसू गैस का गोला मंच के ठीक पीछे फटा जहां कम से कम छह सांसद और पार्टी के कई विधायक मौजूद थे।

### पूजा



पटना में शनिवार को गीता जयंती समारोह के दौरान इस्कॉन मंदिर में पूजा करते श्रद्धालु।

### हवन



नई दिल्ली में राष्ट्रीय लोक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी शनिवार को नई दिल्ली के किसान घाट पर पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती के अवसर पर हवन-पूजन करते हुए।

रूट मार्च



चिक्कमगलुरु में शनिवार को विहिप और बजरंगदल द्वारा आयोजित दत्तजयंती और दत्तमाला अभियान के दौरान सुरक्षा के तहत पुलिस ने रूट मार्च किया।

## कर्नाटक हिजाब प्रतिबंध हटाने का मामला

# भाजपा नेता ने कहा, अब 'अन्य लोग भगवा, नीला, पीला शॉल चाहते होंगे'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चिक्कमगलुरु । कांग्रेस सरकार द्वारा हिजाब पर प्रतिबंध हटाए जाने के बाद स्कूलों और कॉलेजों में अशांति की संभावनाओं का संकेत देते हुए, भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय महासचिव सी.टी. रवि ने शनिवार को कहा कि अब अन्य लोग भी भगवा और अन्य रंग के शॉल का इस्तेमाल करना चाहेंगे। पत्रकारों से बात करते हुए रवि ने कहा, अगर मुस्लिम छात्राओं को हिजाब पहनने की अनुमति दी जाती है, तो अन्य लोग भगवा, नीला या पीला शॉल इस्तेमाल करने की अनुमति की मांग करेंगे। रवि ने कहा, मुख्यमंत्री शायद वर्दी के माध्यम से छात्रों की पहचान सुनिश्चित करना चाहते हैं। वह छात्रों के लिए वर्दी को अनिवार्य बनाने के मूल उद्देश्य को कमजोर कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वर्ग और धर्म के मतभेदों को मिटाने और छात्रों के बीच समानता सुनिश्चित करने के लिए 1964 में वर्दी अधिनियम लागू किया गया था। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने शुक्रवार को राज्य में छात्रों और प्री-यूनिवर्सिटी कॉलेज के छात्रों के लिए हिजाब पर प्रतिबंध हटाने की घोषणा की। सीएम ने कहा, पीएम मोदी का 'सब का साथ, सबका विकास' फर्जी है। बीजेपी लोगों और समाज को कपड़े, वेशभूषा और जाति के आधार पर बांट रही है।

कर्नाटक भाजपा ने पिछली सरकार द्वारा लगाए गए हिजाब प्रतिबंध को वापस लेने के फैसले की घोषणा करने के लिए मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की कड़ी आलोचना की है। सोशल मीडिया पर भाजपा ने आरोप लगाया कि सिद्धारमैया प्रतिबंधित पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के 'गुंडों' और अल्पसंख्यकों को खुश करने के लिए संविधान में संशोधन करने के लिए तैयार हैं, साथ ही कहा कि आने वाले दिनों में लोग उन्हें करारा सबक सिखाएंगे।

# सरकार हिजाब पर पाबंदी हटाने पर अभी विचार कर रही है : सिद्दरामैया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने शनिवार को स्पष्टीकरण दिया कि सरकार अभी राज्य में शिक्षण संस्थानों में हिजाब पहनने पर लगी रोक को हटाने पर विचार कर रही है और सरकार के स्तर पर विचार-विमर्श के बाद इस पर कोई निर्णय लिया जाएगा। सिद्दरामैया ने यहां संवाददादातों से बातचीत में कहा, हमने अभी ऐसा किया नहीं है (हिजाब पर रोक हटाना)। किसी ने मुझसे हिजाब पर रोक हटाने के बारे में सवाल किया था तो मैंने कहा कि सरकार इसे हटाने पर विचार कर रही है। यह पूछे जाने पर कि क्या यह इसी शैक्षणिक सत्र में किया जाएगा, मुख्यमंत्री ने कहा कि चर्चा के बाद ये किया जाएगा। मुख्यमंत्री की तरफ से यह स्पष्टीकरण उनके उस बयान के एक दिन बाद आया है जिसमें उन्होंने कहा था कि शिक्षण संस्थानों में हिजाब पहनने पर कोई प्रतिबंध नहीं है और उन्होंने कहा था कि पंसद के कपड़े पहनना और भोजन का चयन व्यक्तिगत मामला है।

इस घोषणा के बाद से ही भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कांग्रेस सरकार पर हमलावर हो गई थी। भाजपा ने कहा कि यह कदम शिक्षण संस्थानों की 'धर्मनिरपेक्ष' प्रकृति' के प्रति चिंता पैदा करता है। भाजपा की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष बी.वाई. विजयेंद्र ने नयी दिल्ली में संवाददाताओं से बातचीत में कांग्रेस पर लोकसभा चुनाव से पहले तुष्टीकरण की राजनीति करने का आरोप लगाया और दावा किया, आजादी के इतने वर्ष बाद भी अल्पसंख्यकों में साक्षरता और रोजगार दर 50 प्रतिशत है। कांग्रेस ने कभी अल्पसंख्यकों की हालत सुधारने की कोशिश नहीं की। भाजपा नेता ने कहा, कांग्रेस 'अंग्रेजों की फूट डालो और राज करो' की नीति पर विश्वास करती है तथा अंग्रेजों की विरासत को आगे बढ़ा रही है।' इससे पहले विजयेंद्र ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा था कि सरकार युवाओं को धार्मिक आधार पर बांट रही है। उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री सिद्दरामैया का शैक्षणिक संस्थानों में हिजाब पहनने पर लगाए गए प्रतिबंध को हटाने का निर्णय शैक्षणिक संस्थानों की 'धर्मनिरपेक्ष प्रकृति' के प्रति चिंता पैदा करता है।

विजयेंद्र ने कहा, शिक्षण संस्थानों में धार्मिक परिधान को मंजूरी देकर सिद्दरामैया सरकार युवाओं को धार्मिक आधार पर बांटने का काम कर रही है और पढ़ने-लिखने के समग्र वातावरण में व्यवधान पैदा कर रही है। उन्होंने कहा कि यह जरूरी है कि विभाजनकारी गतिविधियों की जगह शिक्षा को तरजीह दी जाए और ऐसा माहौल पैदा किया जाए जहां छात्र धार्मिक प्रथाओं से प्रभावित हुए बगैर शिक्षा पर ध्यान केन्द्रित कर सकें।

# सरकारी स्कूल में बच्चों से शौचालय साफ कराने के आरोप में प्रधानाध्यापिका गिरफ्तार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक पुलिस ने शनिवार को एक सरकारी स्कूल की प्रधानाध्यापिका को बच्चों से कथित तौर पर शौचालय साफ कराने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। लक्ष्मीदेवम्मा, बेंगलूरु के आंद्राहल्ली सरकारी मॉडल उच्च प्राथमिक विद्यालय में प्रधानाध्यापिका हैं। इस संबंध में ब्लॉक शिक्षा अधिकारी (बीईओ) अंजिनप्पा द्वारा बयादरहल्ली पुलिस स्टेशन में शिकायत के बाद गिरफ्तारी की गई। आरोपी प्रधानाध्यापिका को शनिवार को कोर्ट में पेश किया जाएगा।

अधिकारियों के अनुसार, कक्षा 6 के छात्रों को एसिड का उपयोग करके स्कूल के शौचालय को साफ करने के लिए कहा गया था। घटना की जानकारी होने पर अभिभावकों ने स्कूल के सामने विरोध प्रदर्शन किया। शुक्रवार को घटना सामने आने के बाद शिक्षा विभाग ने लक्ष्मीदेवम्मा को निलंबित कर दिया। विपक्ष के नेता आर. अशोक ने स्कूल का दौरा किया था और विकास को लेकर कांग्रेस सरकार की आलोचना की थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि लगता है राज्य में सरकार नहीं बची है।

यह घटनाक्रम कांग्रेस सरकार और खासकर सीएम सिद्धारमैया के लिए शर्मिंदगी भरा साबित हुआ है। हाल ही में कोलार जिले में स्कूली बच्चों से स्कूल परिसर में सेप्टिक टैंक साफ करने की घटना भी सामने आई थी।

# अल्पसंख्यकों को खुश करने के लिए हिजाब पर दी गई छूट : येडीयुरप्पा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। पूर्व मुख्यमंत्री बी.एस. येडीयुरप्पा ने शनिवार को हिजाब पर प्रतिबंध हटाने के कर्नाटक सरकार के फैसले की निंदा की। उन्होंने कहा, मैं अल्पसंख्यकों को खुश करने के लिए लिए गए फैसले की निंदा करता हूं। उन्होंने कहा,इससे सम्मान नहीं मिलेगा। चूंकि वे सत्ता में हैं, वे एक राजनीतिक सर्कस बनाना चाहते हैं। देखते हैं यह कब तक चलेगा। इस मामले को लेकर भाजपा की ओर से कोई विरोध नहीं किया जाएगा। जनता आगामी लोकसभा चुनाव में कांग्रेस सरकार को सबक सिखाएगी। येडीयुरप्पा ने सवाल किया,स्कूली बच्चों के लिए एक समान नीति की जरूरत है। सीएम सिद्धारमैया ने इसके खिलाफ फैसला लिया है। उन्हें जागने दें और अपना फैसला वापस लेने दें। कांग्रेस सरकार जिद्दी है। किस मुस्लिम नेता ने उनसे हिजाब पर प्रतिबंध वापस लेने के लिए कहा था? गारंटी योजनाओं को लागू करने में सक्षम नहीं होने के कारण, कांग्रेस सरकार लोगों को गुमराह कर रही है। सरकार सूखे के बारे में आसानी से भूल गई है। हिजाब पर प्रतिबंध हटाने का निर्णय वापस लिया जाना चाहिए।

विजयपुरा से भाजपा विधायक बसनगौड़ा पाटिल यतनाल ने कहा,मुख्यमंत्री सिद्दरामैया दूसरे टीपू सुल्तान (मैसूर के पूर्व शासक) बन रहे हैं। हिजाब पर प्रतिबंध के आदेश को वापस लेना उचित नहीं है। हिजाब पर प्रतिबंध भाजपा द्वारा नहीं किया गया है।

डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर ने छात्रों के बीच समानता सुनिश्चित करने के लिए एक समान नियम लाया था। उन्होंने कहा, हिंदू छात्र अब भगवा शॉल और तिलक पहनेंगे।

# सिद्दरामैया ने पार्टी की घोषणापत्र समिति में शामिल किए जाने पर कांग्रेस आलाकमान का आभार जताया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने खुद को पार्टी की घोषणापत्र समिति का सदस्य नियुक्त किए जाने पर कांग्रेस अध्यक्ष का आभार व्यक्त किया। उन्होंने एक बयान में कहा, आगामी लोकसभा चुनाव के लिए मुझे कांग्रेस पार्टी की घोषणापत्र समिति का सदस्य नियुक्त करने के लिए मैं एआईसीसी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को धन्यवाद देता हूं। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश शासन के कर्नाटक मॉडल को मान्यता देता है। उन्होंने कहा, कल्याण और बुनियादी ढांचे की मेरी सभी पहल का समर्थन करने के लिए मैं पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, सोनिया गांधी और राहुल गांधी का आभारी हूं। कांग्रेस ने 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए शुक्रवार को अपनी घोषणापत्र समिति का गठन किया और पूर्व केंद्रीय मंत्री पी चिदंबरम को इसका अध्यक्ष नियुक्त किया। सोलह सदस्यीय समिति में सिद्दरामैया और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा भी शामिल हैं।

## विमान में धूम्रपान करने पर यात्री गिरफ्तार

चेन्नई। मस्कट से चेन्नई आने वाली उड़ान में कथित तौर पर धूम्रपान करने के आरोपी यात्री को शनिवार को यहां हवाईअड्डा पुलिस को सौंप दिया गया। हवाई अड्डे के सूत्र ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि यात्री ने नियमों का उल्लंघन करते हुए विमान के अंदर धूम्रपान किया। उन्होंने बताया कि इसके बाद चालक दल के सदस्य ने उसे हवाई अड्डा पुलिस को सौंप दिया।

एकादशी



बेंगलूरु में शनिवार को वैकुंठ एकादशी के अवसर पर, लोग कोटे वेंकटेश्वर मंदिर में पूजा अर्चना करते हुए।

# भ्रष्टाचार के आरोपी नेताओं का गुट है विपक्षी गठबंधन : अनुराग ठाकुर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने शनिवार को विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) को भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना करने वाले नेताओं का एक गुट करार दिया जिनके पास कोई साझा विचारधारा या राजनीतिक कार्यक्रम नहीं है। यहां संवाददाताओं को संबोधित करते हुए ठाकुर ने यह भी कहा कि विपक्षी गठबंधन ने हाल ही में हुए विधानसभा चुनावों में अपनी हार की हताशा के कारण ही संसद के शीतकालीन सत्र को बाधित किया।

संसद का शीतकालीन सत्र बृहस्पतिवार को संपन्न हुआ। सूचना एवं प्रसारण मंत्री ठाकुर ने कहा, 'कहां है गठबंधन? वे पंजाब में जूझ रहे हैं, वे अन्य राज्यों में जूझ रहे हैं। वे एक स्वर में बात नहीं कर सकते। ये भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना कर रहे लोगों का एक गुट है, जो एकसाथ आ गए हैं।' ठाकुर ने कहा, 'उनके पास कोई साझा विचारधारा नहीं है, उनका



कोई एक साझा कार्यक्रम नहीं है और न ही उनका कोई साझा उम्मीदवार है। कोई 'इंडिया' गठबंधन नहीं है।'

संसद में विपक्षी सांसदों के निलंबन पर मंत्री ने कहा कि वे उन गतिविधियों के लिए निलंबित हुए हैं, जो 'लोकसभा अध्यक्ष द्वारा प्रतिबंधित' की गई थीं। ठाकुर ने कहा कि सभी राजनीतिक दलों ने नयी संसद इमारत के लोकसभा व राज्यसभा कक्ष के भीतर तख्तियां नहीं ले जाने पर सहमति जताई थी। ठाकुर ने कहा, 'जब हमने नए संसद भवन में प्रवेश किया तो सभापति ने सभी से नई परंपराओं के साथ शुरुआत करने का अनुरोध किया था। किसी को भी आसन के सामने नहीं आना चाहिए, किसी को कागज फाड़कर आसन पर नहीं फेंकना चाहिए और किसी को भी तख्तियां सदन के अंदर नहीं लानी चाहिए।' मंत्री ने कहा, 'तीन चुनावों में कांग्रेस के खराब प्रदर्शन के बाद वे (विपक्षी दल) हतोत्साहित हो गए और सत्र के बहिष्कार करने का कारण ढूंढ़ रहे थे।'

ठाकुर ने कहा कि विपक्ष को आम आदमी से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर बहस में भाग लेना चाहिए था। उन्होंने कहा, 'लेकिन उनका आम आदमी से कोई लेना-देना नहीं है। कांग्रेस ने कभी नहीं चाहा कि सत्र आगे बढ़े, उसने कभी इसमें भाग लेना नहीं चाहा।'

# युवा जोड़े का उत्पीड़न करने के आरोप में तीन गिरफ्तार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मंगलुरु। कर्नाटक के मंगलुरु शहर के एक भोजनालय में एक युवा जोड़े से कथित तौर पर उनके पहचान पत्र मांगने और उन्हें परेशान करने के आरोप में तीन युवकों को गिरफ्तार किया गया है। सूत्रों ने बताया कि एक आरोपी ने 21 दिसंबर को एक भोजनालय में केरल से आए एक युवा जोड़े से उनकी सामुदायिक स्थिति का पता लगाने के वास्ते पहचान पत्र मांगा और उन पर चिल्लाते हुए हंगामा किया। उन्होंने बताया कि जोड़ा परेशानी से बचने के लिए मौके से चला गया और ऑटो रिक्शा में सवार हुआ लेकिन इसके बाद भी आरोपी नहीं माना और अपने दो दोस्तों के साथ मिलकर वाहन को रोक दिया और चालक को गालियां दी।

सूत्रों ने बताया कि चालक की शिकायत के आधार पर मंगलुरु उत्तर पुलिस थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई। उन्होंने बताया कि शुरुआती जांच के बाद तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। सूत्रों के मुताबिक मामले की आगे की जांच की जा रही है।



# तमिलनाडु के तूत्तुक्कुडि जिले में राहत कार्य जारी, एनडीआरएफ मौके पर पहुंची

तूत्तुक्कुडि। तमिलनाडु में बारिश से प्रभावित तटीय जिले तूत्तुक्कुडि में राहत कार्य जारी है और इस दौरान पुलिस के साथ राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की एक टीम ने शनिवार को एसआईपीसीओटी औद्योगिक क्षेत्र में फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला।

एनडीआरएफ की टीम ने एसआईपीसीओटी पुलिस के साथ मिलकर बाढ़ प्रभावित महिलाओं और बच्चों को नौका से सुरक्षित बाहर निकाला और उन्हें भोजन उपलब्ध कराया। तमिलनाडु के मुख्य सचिव शिव दास मीना ने आज जिले में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया और बारिश से हुए नुकसान का आकलन किया। सत्रह और 18 दिसंबर को अत्यधिक बारिश के कारण आई बाढ़ में तूत्तुक्कुडि-पलायमगोट्टई राष्ट्रीय राजमार्ग पर एंटोनियारपुरम के पास एक पुल टूट गया, जबकि तूत्तुक्कुडि-तिरुचेंदूर मार्ग पर एराल और अट्टूर में भी पुल गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हुए हैं। अधिकारियों ने कहा कि बाढ़ में अब भी जलमग्न श्रीवैकुंटम, अट्टूर, एराल, अगरम और कयालपट्टिनम क्षेत्रों में भी राहत कार्य जोरों पर है। बाढ़ से हुए नुकसान का केंद्रीय टीम पहले ही निरीक्षण कर चुकी है।

# तमिलनाडु : मुख्यमंत्री ने तेल रिसाव से प्रभावित परिवारों को नकद सहायता की घोषणा की

चेन्नई। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने चेन्नई के उत्तरी इलाकों में तेल रिसाव से प्रभावित 9001 परिवारों को साढ़े सात हजार रुपये से लेकर 12, 500 रुपये तक की नकद सहायता देने का शनिवार को आदेश दिया। स्टालिन ने अधिकारियों को 787 प्रभावित नावों को 10-10 हजार रुपये की सहायता प्रदान करने का भी आदेश दिया।

इस महीने की शुरुआत में चक्रवाती तूफान 'मिगजॉम' के कारण मूसलाधार बारिश हुई थी, जिसके परिणामस्वरूप बाढ़ आ गई थी और कोसस्थलाई नदी/एन्नोर क्रीक (छोटी नदी) की सतह पर तेल का रिसाव हुआ था। तेल बाढ़ के पानी के साथ मिलकर पूरे क्रीक इलाके में फैल गया था। इस संबंध में सरकार ने कहा कि उसने तेल रिसाव को दूर करने के लिए तेजी से कदम उठाए।

तेल रिसाव की शुरुआत उस क्षेत्र से हुई जहां उत्तरी चेन्नई में चेन्नई पेट्रोकेमिकल कॉर्पोरेशन लिमिटेड की रिफाइनरी स्थित है। तेल के रिसाव के परिणामस्वरूप उत्तरी चेन्नई में मछली पकड़ने वाले लोग और नाविक गंभीर रूप से प्रभावित हुए थे। तेल रिसाव से प्रभावित उत्तरी चेन्नई के कुल मिलाकर 9,001 परिवारों को सहायता मिलेगी और इस मदद के लिए 8.68 करोड़ रुपये की राशि अलग रखी गई है।

सम्मेलन



बेंगलूरु में शनिवार को भारतीय किसान यूनियन के अध्यक्ष जगजीत सिंह दल्लेवाल ने फ्रीडम पार्क में संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा विश्व किसान दिवस के अवसर पर आयोजित किसान सम्मेलन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर किसान नेता कुरुबुर शांताकुमार, सचिन महापात्रा, विमल कुमार शर्मा और अन्य मौजूद रहे।



# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जैसलमेर के 'लखपति दीदी' सम्मेलन में शिरकत की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जैसलमेर। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जैसलमेर के लखपति दीदी सम्मेलन में शिरकत की है। राज्यपाल कलराज मिश्र और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी मौजूद, केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और कैलाश चौधरी मंच पर मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा एक दिवसीय यात्रा पर शनिवार को राजकीय वायुयान से जैसलमेर पहुँचे थे । सिविल एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री शर्मा का पोकरण विधायक महंत प्रताप पुरी, अतिरिक्त मुख्य सचिव ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज अभय कुमार, एडीजी ट्रैफिक हवासिंह घुमरिया, सचिव ग्रामीण विकास मंजू राजपाल, संभागीय आयुक्त बी.एल. मेहरा, पुलिस महानिरीक्षक जोधपुर रेंज जयनारायण शेर, जिला कलेक्टर आशीष गुप्ता, जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान, सिविल एयरपोर्ट डायरेक्टर प्रमोद मीना ने उनकी अगवानी की एवं गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया।राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शनिवार को एक दिवसीय दौरे पर राजस्थान में जैसलमेर के वायु सेना स्टेशन पहुंचीं।

एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। राज्यपाल कलराज मिश्र और मुख्यमंत्री भजन लाल ने मुर्मू का स्वागत किया। अधिकारी के अनुसार राष्ट्रपति आज पोकरण फील्ड फायरिंग रेंज में भाग लिया।

## महिला सुरक्षा के प्रति भाजपा की असंवेदनशीलता उजागर : गहलोत

जयपुर। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने ओलंपिक पदक विजेता महिला पहलवान साक्षी मलिक के संन्यास की घोषणा के बाद केंद्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधा। गहलोत ने कहा कि इस प्रकरण ने महिला सुरक्षा के प्रति भाजपा की असंवेदनशीलता को उजागर किया है। गहलोत ने 'एक्स' पर लिखा,पहले पदक लाकर देश का नाम ऊंचा करने वाली बेटी साक्षी मलिक का संन्यास लेना और अब बजरंग पूनिया का पद्मलौटाना पहलवान बेटियों के इंसाफ की लड़ाई में भाजपा की नीयत पर बड़ा प्रश्नचिन्ह लगाता है।

उन्होंने लिखा,इस मामले में भाजपा द्वारा प्रदर्शित की जा रही दुर्भावना एवं पीड़ितों की मांगों की उपेक्षा निंदनीय एवं दु:खद है। यह प्रकरण महिला सुरक्षा के प्रति भाजपा की असंवेदनशीलता को उजागर कर रहा है। उल्लेखनीय है कि तोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता पहलवान बजरंग पूनिया ने भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के चुनाव में बृजभूषण शरण सिंह के विश्वस्त संजय सिंह के अध्यक्ष बनने के विरोध में शुक्रवार को अपना पद्मसम्मान लौटाने का फैसला किया।

# राजस्थान में तापमान में उतार चढ़ाव के बीच हल्की बारिश

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



जयपुर। पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से राजस्थान में पिछले 24 घंटों में अलग-अलग स्थानों पर हल्की बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग ने यह जानकारी दी। मौसम विभाग के अनुसार रात के तापमान में भी दो से चार डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हुई है। विभाग के प्रवक्ता ने बताया कि इस दौरान भीलवाड़ा, वनस्थली, जोधपुर और फलोदी में हल्की बारिश दर्ज की गई। अगले एक सप्ताह के दौरान राज्य में मौसम शुष्क रहने का अनुमान है।

इस बीच, सीकर का फतेहपुर 5.6 डिग्री सेल्सियस के न्यूनतम तापमान के साथ सबसे ठंडा स्थान दर्ज किया गया। इसके बाद हनुमानगढ़ का संगरिया रहा, जहां रात का तापमान आठ डिग्री सेल्सियस था। विभाग के अनुसार बादल साफ होने के साथ ही अगले दो दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान में फिर से दो-तीन डिग्री सेल्सियस की गिरावट आएगी।

मौसम विभाग द्वारा पूर्व में दी गई जानकारी के अनुसार पश्चिमी राजस्थान के सीमावर्ती इलाकों में बूंदाबांदी और हल्की बारिश होने से सर्दी का असर तेज हो गया है। शनिवार को प्रदेश का मौसम शुष्क रहने का अनुमान है। कई इलाकों में सुबह कोहरे का असर देखने को मिला, विजिबिलटी 10 मीटर से भी कम रही। मौसम विभाग के अनुसार आज प्रदेश भर में बादल छाए रहेंगे। न्यूनतम तापमान की बात करें तो फहेतपुर लगातार सबसे ठंडा क्षेत्र बना हुआ है। यहां न्यूनतम तापमान 1.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। चूरू में न्यूनतम तापमान 4.2 डिग्री रहा।

राजस्थानी जयपुर के न्यूनतम तापमान में बीते एक सप्ताह में सिर्फ 2 डिग्री का फर्क देखने को मिला है। हालांकि बादलों की वजह से सर्दी का असर ज्यादा है। जयपुर में न्यूनतम तापमान 9.3 डिग्री और अधिकतम 25 डिग्री रहा।

## पूरे प्रदेश में मनाया जाएगा सुशासन दिवस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। प्रदेश में उत्तरदायी, पारदर्शी एवं जवाबदेही प्रशासन के लिए सुशासन विचारों से अवगत करवाने के उद्देश्य से 25 दिसम्बर को सुशासन दिवस का आयोजन किया जाएगा। प्रशासनिक सुधार विभाग द्वारा जिला मुख्यालय, नगर निकायों, पंचायत समितियों एवं ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। प्रदेश में सुशासन की राह प्रशस्त करने के लिए जनप्रतिनिधियों एवं कार्मिको को सुशासन की शपथ दिलाई जाएगी। साथ ही दिनांक 25 दिसम्बर से 31 दिसम्बर तक स्वच्छता सप्ताह आयोजित किया जाएगा।

# अब आधार-कार्ड और 10वीं की मार्कशीट से लिंक करना होगा आवेदन फॉर्म

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड ने भविष्य में होने वाली भर्ती परीक्षाओं में धांधली और नकल रोकने का एक्शन प्लान तैयार किया है। इसके तहत अब अभ्यर्थी आधार या 10वीं की मार्कशीट को आवेदन से लिंक कर भर्ती प्रक्रिया में शामिल हो सकेंगे। बोर्ड अध्यक्ष मेजर जनरल आलोक राज ने बताया कि पिछले दो महीनों में कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा 21 अभ्यर्थियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई गई है। क्योंकि इन अभ्यर्थियों ने किसी और के स्थान पर या डमी अभ्यर्थी बन भर्ती परीक्षा में शामिल होने की कोशिश की थी। जिन्हें बोर्ड द्वारा वक्त रहते पकड़ लिया गया, लेकिन भविष्य में इस तरह की गलती ना हो। इसको लेकर अब बोर्ड भर्ती प्रक्रिया के नियमों में संशोधन करने जा रहा है।

जिसके तहत राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा भविष्य में होने वाली सभी भर्ती परीक्षाओं की आवेदन पत्र की प्रक्रिया को आधार कार्ड या फिर दसवीं की मार्कशीट से लिंक किया जाएगा। ताकि अभ्यर्थी किसी और के स्थान या फिर डमी बन फर्जी तरीके से भर्ती परीक्षा में शामिल न हो सके। आलोक राज ने बताया कि बोर्ड की प्राथमिकता आधार कार्ड रहेगी। लेकिन किसी कारणवश अगर कोई अभ्यार्थी आवेदन लिंक को आधार कार्ड से लिंक नहीं कर पाया। तो उसे दसवीं की मार्कशीट के रोल नंबर से आवेदन फार्म को भरना होगा। उन्होंने बताया कि यह प्रक्रिया भविष्य में होने वाली सभी प्रतियोगी भर्ती परीक्षाओं में लागू होगी।

आलोक राज ने बताया कि बोर्ड द्वारा इस प्रक्रिया के लागू होने के बाद अभ्यर्थियों की बेसिक जानकारी बोर्ड के पास होगी। जैसे उनका सही नाम, उनके माता-पिता का नाम डेट ऑफ बर्थ और उनका मूल एड्रेस भी हमें पता होगा। ऐसा करने से अभ्यर्थी को भी काफी फायदा होगा। क्योंकि वह भी डायरेक्टली डिजी लॉकर की मदद से अपनी बेसिक जानकारी आवेदन फार्म में भर सकेंगे। ऐसा होने के बाद परीक्षा केंद्र से लेकर सिलेक्शन के बाद डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन तक अभ्यर्थी के मूल दस्तावेजों की सही से जांच हो सकेगी। जिससे नकल और धांधली जैसी घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सकेगा।



# समाज के चहुंमुखी विकास के लिए शिक्षा में भारतीय मूल्यों का समावेश आवश्यक : देवनानी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने समाज के चहुंमुखी विकास के लिए शिक्षा में भारतीय मूल्यों के समावेश की आवश्यकता प्रतिपादित की है। उन्होंने कहा कि हमारा भारतीय समाज लोकतंत्रीय व्यवस्था वाला है तथा विकास के लिए शिक्षा आवश्यक है। भारत की शिक्षा संस्कृति पर आधारित तथा मातृ भाषा में शिक्षा का प्रसार होना चाहिए।

देवनानी शनिवार को यहां राजस्थान विश्वविद्यालय के मानव संसाधन विकास केन्द्र में आयोजित भारतीय शिक्षा मंडल के अखिल भारतीय अधिकारी अभ्यास वर्ग सम्मेलन को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने इस अवसर पर शिक्षा के प्रमुख विषयों पर अनुसंधान आधारित पुस्तक का विमोचन किया।

देवनानी ने कहा कि मानव जीवन का प्रकृति के साथ सामंजस्य होना और राष्ट्रीय पुनरूत्थान के लिए शिक्षा का भारतीय मूल्यों पर आधारित होना आवश्यक है तथा इसके लिए भारतीय संस्कृति के विभिन्न पहलुओं पर अनुसंधान किया जाना चाहिए। भारत की संस्कृति और दर्शन दूसरे देशों से भिन्न है। भारतीय शिक्षा में वसुधैव कुटुम्बकम और सर्वे भवन्तु सुखिन का दर्शन समाहित है। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल रोजगार का आधार मात्र ही नही बल्कि मानव जीवन को सामर्थ्यवान और संस्कारवान बनाने वाली होनी चाहिए।

समारोह को राजस्थान विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. अल्पना कटेजा, विवेकानन्द ग्लोबल विश्वविद्यालय के कुलपति विजयवीर सिंह, बी. आर. शंकरानन्द और भरत शरण सिंह ने भी सम्बोधित किया। प्रारम्भ में विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह का शुभारम्भ किया।

## कोटा मंडल में तीन मालगाड़ियों को जोड़कर एक लॉग हॉल चलाकर कर इतिहास रचा

कोटा। पश्चिमी-मध्य रेलवे के इतिहास में पहली बार कोटा मण्डल में मण्डल प्रबंधक मनीष तिवारी के नेतृत्व में तीन माल गाडियों को जोडकर एक लॉग हॉल चलाने का सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया। वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक सौरभ जैन एवं मंडल परिचालन प्रबंधक रवि प्रकाश वर्मा एवं परिचालन विभाग की टीम के प्रयासों एवं अथक मेहनत से प्रथम बार तीन मालगाडियों को जोडकर एक लॉग हॉल चलाने में सफलता मिली है। कोटा मंडल के वरिष्ठ वाणिज्य प्रबंधक रोहित मालवीय ने बताया कि इस लॉग हॉल को बनाने के लिये पहली दो मालगाडियों को कोटा यार्ड से अनुरक्षण के उपरान्त एवं तीसरी मालगाडी को गुडला थर्मल पॉवर प्लान्टस से कोटा-रूठियाई खंड के भूलोन स्टेशन पर ले जाया गया। इस लॉग हॉल को चलाने से दो मालगाड़ियों के पाथ की बचत की गई।

## कमरे में हीटर से लगी आग में व्यक्ति, उसकी बेटी की झुलसकर मौत

जयपुर। राजस्थान के खैरथल-तिजारा जिले में एक मकान के कमरे में हीटर से लगी आग के कारण एक व्यक्ति और उसकी तीन महीने की बेटी की आग में जिंदा झुलसकर मौत हो गयी और घटना में उसकी पत्नी घायल हो गयी। पुलिस ने बताया कि घटना शुक्रवार रात शेखपुर थाना क्षेत्र की है। उन्होंने बताया कि हीटर से रजाई में आग लग गयी और दीपक यादव और उनकी तीन माह की बेटी निशिका जिंदा झुलसकर मारे गये। हादसे में दीपक की पत्नी संजू भी झुलस गई। उन्होंने बताया कि कमरे से चीख-पुकार सुनकर पड़ोसी उन्हें बचाने के लिए दौड़े और आग बुझाने का प्रयास किया। पीड़ितों को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया जहां दीपक और निशिका को मृत घोषित कर दिया गया।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर

# भाजपा विधायक गोपाल शर्मा ने अव्यवस्थाएं देख जताई नाराजगी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर,। सिविल लाइन्स विधानसभा क्षेत्र से नवनिर्वाचित विधायक डॉ. गोपाल शर्मा आज फुल एक्शन मोड में दिखाई दिए। गोपाल शर्मा ने आज रामनगर सोडाला मेट्रो स्टेशन पर आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित शिविर में पहुंचकर शिविर में दी जा रहे सेवाओं को जायजा लिया और खामियां पाए जाने पर अधिकारियों को नाराजगी जताई और उन्हें फटकार लगाई। डॉ गोपाल शर्मा ने नगर निगम जयपुर के सिविल लाइन्स जोन की ओर से आयोजित शिविर में अव्यवस्थित हो रखी पार्किंग में रखी पानी की टंकियों पर नाराजगी जताई। विधायक ने कहा कि लोगों को पीने का पानी सही ढंग से न मिले, बैठने की उचित व्यवस्था न हो तो उसे शिविर में आकर परेशानियों का ही सामना करना है तो फिर वह क्यों आएगा? इस मौके पर नेहरू नगर पानीपेच से आए एक व्यक्ति ने गोपाल शर्मा को



क्षेत्र में फैली गंदगी, स्कूल के बाहर गेट पर नगर निगम द्वारा शौचालय बनाने और खुले में मांस बिकने की शिकायत की। गोपाल शर्मा ने शिविर में मौजूद जोन आयुक्त करतार सिंह को शिकायत नोट कर उसे जल्द से जल्द समाधान कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह बड़े दुर्भाग्य की बात है कि जिन अधिकारियों और कर्मचारियों को आमजन को राहत पहुंचाने के लिए लगाया जाता है, वे खुद ही आमजन के लिए नई समस्याएं खड़ी करने से बाज नहीं आते हैं। शर्मा ने कहा कि या तो अधिकारी काम करने के प्रति अपना रवैया सुधार लें, वर्ना चेहरे तो बदल ही जाएंगे। शिविर में सांसद रामचरण बोहरा और महापौर मुनेश गुर्जर के अलावा क्षेत्रीय पार्षद भी मौजूद रहे।

शिविर में लोगों को मोदी सरकार द्वारा चलाई गई विभिन्न योजनाओं को लाभ दिया जा रहा है। जिसमें आयुष्मान भारत योजना के तहत नि:शुल्क शिविर लगाया गया, प्रधानमंत्री जन औषधि योजना के तहत सस्ती दवाओं की जानकारी दी गई, उज्ज्वला योजना के तहत पात्र परिवारों को गैस का कनेक्शन और पीएम स्वनिधि योजना के तहत जरुरतमंदों को ऋण और आधार अपडेशन डेस्क भी लगाई गई थी। शिविर में विधायक गोपाल शर्मा के प्रयास से लाभार्थी को दस हजार रुपए का ऋण पास कर उसे विधायक शर्मा के हाथ से चैक भी वितरित कराया गया, इसी प्रकार उज्ज्वला योजना के तहत एक पात्र परिवार को गैस कनेक्शन का वितरण भी मौके पर विधायक गोपाल शर्मा ने किया।

### स्वागत



जयपुर में शनिवार को विद्याधर नगर के रावणा राजपूत भवन में महिला सशक्तिकरण के अंतर्गत सहज संस्थान द्वारा आयोजित प्रदर्शनी में शिरकत करती उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी।



## भजनलाल शर्मा एक दिवसीय यात्रा पर जैसलमेर पहुँचे पोकरण विधायक ने की अगवानी

जयपुर। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा एक दिवसीय यात्रा पर शनिवार को राजकीय वायुयान से जैसलमेर पहुँचे । सिविल एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री शर्मा का पोकरण विधायक महंत प्रताप पुरी, अतिरिक्त मुख्य सचिव ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज अभय कुमार, एडीजी ट्रैफिक हवासिंह घुमरिया, सचिव ग्रामीण विकास श्रीमती मंजू राजपाल, संभागीय आयुक्त बी.एल. मेहरा, पुलिस महानिरीक्षक जोधपुर रेंज जयनारायण शेर, जिला कलेक्टर आशीष गुप्ता, जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान, सिविल एयरपोर्ट डायरेक्टर प्रमोद मीना ने उनकी अगवानी की एवं गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया।

# राजस्थान में अब तक पूरे दस कोरोना पॉजीटिव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। प्रदेश में कोरोना का असर अब दिखाई देने लगा है। प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से अब तक कुल 10 मामले सामने आ चुके हैं। राजधानी जयपुर में ही अब तक 3 केस सामने आए हैं, जिनमें कल एक नवजात के कोरोना पॉजीटिव मिलने के बाद अब जेके लोन अस्पताल के आईसीयू में भर्ती एक 8 वर्षीय बालक भी कोरोना पॉजिटिव पाया गया। जयपुर के अतिरिक्त जैसलमेर से 2 , अलवर, भरतपुर, धौलपुर, झुंझनू और जोधपुर से कोरोना के 1-1 मामले सामने आने की खबर है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कोरोना प्रबंधन की समीक्षा करते हुए स्टेट कोविड मैनेजमेंट टीम का गठन करने के निर्देश दिए हैं। मेडिकल विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने तुरंत पालना करते हुए 9 सदस्यीय स्टेट कोविड मैनेजमेंट टीम गठित कर दी है।

नौ सदस्यों की इस टीम में चिकित्सा शिक्षा आयुक्त शिवप्रसाद नकाते की अध्यक्षता में एमडी अनुपमा जोरवाल, डॉ. गौरव सैनी, डॉ. रविप्रकाश माथुर, संयुक्त निदेशक (ग्रामीण स्वास्थ्य) डॉ. रविप्रकाश शर्मा, वरिष्ठ प्रोफेसर भारती मल्होत्रा, डॉ. प्रवीण असवाल, अधीक्षक डॉ. अजीत सिंह, डॉ.वंदना शर्मा इस कमेटी में शामिल किए गए हैं। ये कमेटी कोविड प्रबंधन को लेकर प्रदेशभर की निगरानी रखेगी। ताकि आवश्यकता होने पर रोगियों को तत्काल चिकित्सा सुविधाएं मिल सकें।

प्रदेश के चिकित्सा विभाग ने एडवाइजरी जारी करते हुए लोगों को एहतियात बरतने की सलाह दी है। प्रदेश में टूरिस्ट सीजन को देखते हुए खासतौर पर सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। भीड़भाड़ के इलाकों में मास्क लगाने और सर्दी-खांसी, जुकाम और सिरदर्द की शिकायत होने पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करने की भी सलाह दी गई है।

## राज्य के प्रत्येक नागरिक को मिले उच्चस्तरीय चिकित्सा सुविधाएं : शर्मा

जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा कि प्रदेश के प्रत्येक नागरिक को तत्परता के साथ उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करवाना राज्य सरकार की जिम्मेदारी है।

शर्मा ने कहा कि इसके लिए आवश्यक है कि आमजन के साथ पूरी संवेदनशीलता के साथ व्यवहार हो तथा चिकित्साकर्मी अपने कर्तव्यों का जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करें।

उन्होंने मुख्यमंत्री कार्यालय में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिम्मेदारी के साथ चिकित्सकीय सुविधाओं को प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाना सुनिश्चित करें।

# ताकत एवं सामर्थ्य से भारत के विकास इंजन के रूप में स्थापित हो रहा उत्तर प्रदेश : योगी आदित्यनाथ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



मुरादाबाद (उप्र)/भाषा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश में कानून-व्यवस्था की मजबूत स्थिति का दावा करते हुए शनिवार को कहा कि यह प्रदेश अपनी ताकत और सामर्थ्य से देश के विकास का इंजन बन रहा है।

योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को मुरादाबाद जिले के ढकिया (बिलारी) में पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की 51 फीट ऊंची प्रतिमा का अनावरण करने के बाद 16 प्रगतिशील किसानों को सम्मानित किया।

एक आधिकारिक बयान के अनुसार मुख्यमंत्री ने कहा, ''उत्तर प्रदेश में अब दंगे नहीं होते। यहां सब कुछ चंगा है। बेटियां स्कूल जाती हैं। कानून बिगाड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। डबल इंजन की सरकार विकास की बुलेट ट्रेन की रफ्तार से आगे बढ़ रही है और उत्तर प्रदेश अपनी ताकत एवं सामर्थ्य से देश के विकास का इंजन बन रहा है।''

योगी ने कहा कि चौधरी चरण सिंह की जयंती पर ''हम जाट महासभा और चौधरी चरण सिंह स्मारक समिति को धन्यवाद देते हैं।''चौधरी चरण सिंह की स्मृतियों को नमन करते हुए मुख्यमंत्री ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा ,'' चौधरी चरण सिंह भारत की अर्थव्यवस्था को गहराई से समझते थे। उनका मानना था कि किसान गरीब रहेगा तो भारत गरीब होगा। भारत की समृद्धि का रास्ता गांव, खेत, खलिहानों से होकर जाता है।''

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पहले सरकारें आगे होती थीं और समाज पीछे होता था, लेकिन अब चौधरी चरण सिंह स्मारक और जाट महासभा आगे है, सरकार उनके पीछे खड़ी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि साढ़े नौ वर्ष में किसानों के जीवन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में व्यापक परिवर्तन हुआ है तथा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना से किसानों की समृद्धि के द्वार खुले हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अन्नदाता किसानों की खुशहाली के लिए उनकी सरकार लगातार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में 500 वर्षों के बाद भगवान राम विराजमान हो रहे हैं।

उन्होंने कहा, '' जो लोग संविधान विरोधी काम कर रहे हैं, संवैधानिक पदों पर बैठे लोगों की खिल्ली उड़ा रहे हैं, उप राष्ट्रपति का वीडियो बना रहे हैं, जनता जनार्दन उन्हें सजा देगी।''

# 'रेलवे में नौकरी के बदले जमीन' मामले में ईडी का तेजस्वी यादव को नया समन जारी

**नई दिल्ली/भाषा।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 'रेलवे में नौकरी के बदले जमीन' घोटाला मामले में बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को एक नया समन जारी कर उन्हें पांच जनवरी 2024 को पेश होने को कहा है। आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। इससे पहले, ईडी ने तेजस्वी (34) को 22 दिसंबर को पेश होने के लिए कहा था, लेकिन वह पेश नहीं हुए थे। तेजस्वी ने ईडी के नोटिस को नियमित प्रक्रिया बताया था।

तेजस्वी के पिता और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के प्रमुख लालू प्रसाद यादव (75) को इस मामले में 27 दिसंबर को दिल्ली में ईडी मुख्यालय में पेश होने के लिए कहा गया है। यह कथित घोटाला उस समय का है जब लालू प्रसाद संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के पहले कार्यकाल में रेल मंत्री थे।

# विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में 'अप्रत्यक्ष कर भवन' की भूमिका महत्वपूर्ण होगी: पंकज चौधरी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



लखनऊ/भाषा। केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने शनिवार को यहां अत्याधुनिक और आधारभूत सुविधाओं वाला 'अप्रत्यक्ष कर' भवन का लोकार्पण किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में इसकी भूमिका महत्वपूर्ण होगी।

चौधरी ने उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के विभूति खण्ड, गोमती नगर स्थित अप्रत्यक्ष कर भवन का लोकार्पण करने के बाद सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर अपने संदेश में कहा, ''...विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में इसकी भूमिका महत्वपूर्ण होगी।''

यहां जारी एक सरकारी बयान के अनुसार इस अप्रत्यक्ष कर भवन के निर्माण की शुरुआत वर्ष 2017 में हुई। करीब 122.05 करोड़ रुपये की लागत से भूतल के अलावा कुल सात मंजिला इस भवन में तीन ब्लॉक ए, बी और सी का निर्माण किया गया है। वाहनों के लिए दो तलों की भूमिगत पार्किंग का पर्याप्त स्थान उपलब्ध है ।

इस भवन में सीजीएसटी (केंद्रीय जीएसटी) एवं केंद्रीय उत्पाद शुल्क आयुक्त कार्यालय, सीमा शुल्क (निवारक) आयुक्त कार्यालय, सीजीएसटी एवं केंद्रीय उत्पाद शुल्क ऑडिट आयुक्त कार्यालय तथा क्षेत्रीय कार्यालय स्थित हैं। सभी विभागों में कुल मिलाकर 557 से ज्यादा अधिकारी/ कर्मचारी कार्यरत हैं, जो नवनिर्मित भवन का सदुपयोग करेंगे । इस मौके पर केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड के सदस्य राजीव तलवार, प्रधान मुख्य आयुक्त प्रमोद कुमार (केंद्रीय जीएसटी) समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

# 'चिंता का कोई कारण नहीं': कोविड स्थिति पर असम के स्वास्थ्य मंत्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



गुवाहाटी/भाषा। असम के स्वास्थ्य मंत्री केशब महंत ने शनिवार को कहा कि राज्य में कोविड-19 स्थिति के बारे में चिंतित होने का कोई कारण नहीं है क्योंकि बिना किसी यात्रा इतिहास के कोई भी व्यक्ति लंबे समय से कोरोनो वायरस से संक्रमित नहीं पाया गया है। उन्होंने नए उप-स्वरूप जेएन.1 के बारे में आशंकाओं को दूर करते हुए कहा कि विशेषज्ञों ने दावा किया है कि यह वायरस का एक कमजोर स्वरूप है और मानव शरीर ने इससे लड़ने के लिए प्रतिरक्षा विकसित कर ली है।

महंत ने यहां संवाददाताओं को बताया, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने हाल ही में सभी राज्यों के साथ कोविड-19 स्थिति की समीक्षा की थी। केरल जैसे कुछ राज्यों को अलर्ट पर रखा गया है, क्योंकि वहां नए मामले सामने आ रहे हैं। हम असम में भी परीक्षण कर रहे हैं, लेकिन बिना किसी यात्रा इतिहास वाला कोई भी व्यक्ति कोरोना वायरस से संक्रमित नहीं पाया गया है।

स्विट्जरलैंड से लौटा एक व्यक्ति हालांकि कोरोना वायरस से संक्रमित पाया गया है और मरीज का वर्तमान में घर पर पृथकवास में इलाज चल रहा है।

मंत्री ने कहा कि राज्य किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार है और आइसोलेशन बेड और डॉक्टरों सहित सभी आवश्यक सुविधाएं तैयार हैं।

# रोज मोदी का अपमान करते हैं, देश में बने ठगबंधन के नेता : केशव प्रसाद मौर्य

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**बदायूं (उप्र)/भाषा।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने शनिवार को विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन का मजाक उड़ाते हुए आरोप लगाया कि देश में जो ठगबंधन (गठबंधन) बना है उसके नेता रोज (प्रधानमंत्री नरेन्द्र) मोदी जी का अपमान करते हैं। उन्होंने समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि अखिलेश जी, आप कभी उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री नहीं बन सकते जबकि मध्य प्रदेश में भाजपा के मोहन यादव बन सकते हैं।

मौर्य ने बदायूं के बिल्सी कस्बे में सम्राट अशोक की प्रतिमा का अनावरण करने के बाद आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि देश और प्रदेश में आज मोदी (प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी) जी की गारंटी चलती है।


इस दौरान उपमुख्यमंत्री ने जिले के लिए 19.5 करोड़ रुपये की योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। उन्होंने कहा, ''आज विपक्ष के लोग़ उपराष्ट्रपति का अपमान करते हैं। इतना ही नही, देश में यह जो ठगबंधन बना है इसके नेता हर रोज देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का अपमान करते हैं।'' उन्होने दावा किया,'' अखिलेश जी, अब कभी आप उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री नही बन सकते हैं, जबकि मध्य प्रदेश में भाजपा के मोहन यादव मुख्यमंत्री बन सकते हैं।''

उन्होंने कहा , ''राम मन्दिर किसी एक क़ा नही पूरे राष्ट्र का मन्दिर है, जिसको लेकर किसी ने एक रुपया तो किसी ने हजारों रुपये का योगदान दिया है। आज राम मन्दिर राष्ट्र मन्दिर है।''

## भाजपा नेता गिरिराज सिंह का दावा

# राजद और जदयू का शीघ्र होगा विलय

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



पटना/भाषा। केंद्रीय मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता गिरिराज सिंह ने शनिवार को दावा किया कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल यूनाइटेड (जदयू) और लालू प्रसाद के राष्ट्रीय जनता दल (राजद) विलय की ओर बढ़ रहे हैं।

वरिष्ठ भाजपा नेता ने यह दावा तब किया जब संवाददाताओं ने उनसे जनवरी तक लोकसभा चुनाव के वास्ते विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन के घटक दलों के बीच सीट के बंटवारे को अंतिम रूप देने पर कुमार द्वारा जोर दिये जाने के बारे में सवाल किया गया।

सिंह ने शरारती अंदाज में कहा, '' लालू जी से मेरा व्यक्तिगत समीकरण है । उन्होंने मेरे कान में कई ऐसी बातें कहीं जिन्हें मैं सार्वजनिक रूप से सामने नहीं रख सकता। लेकिन मैं आपको इतना तक बता दूं कि जदयू का शीघ्र ही राजद के साथ विलय होने जा रहा है।''

उल्लेखनीय है कि प्रसाद और सिंह हाल में दिल्ली से लौटते समय एक ही विमान में थे। राजद सुप्रीमो प्रसाद विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन में भाग लेने दिल्ली गये थे जबकि केंद्रीय मंत्री अभी-अभी समाप्त हुए संसद के सत्र में हिस्सा ले रहे थे।

बृहस्पतिवार शाम को पटना पहुंचने पर सिंह ने पत्रकारों से कहा था कि विमान में उनके चिर प्रतिद्वंद्वी प्रसाद ने उनसे कहा था , '' (बेटे और उपमुख्यमंत्री) तेजस्वी यादव को बिहार का मुख्यमंत्री बनाने का वक्त आ गया है।''

तेजस्वी यादव जोकि उसी विमान में मौजूद थे, ने उनके और नीतीश कुमार के बीच दूरी पैदा करने की (सिंह की) कोशिश को बाद में यह दावा करते हुए खारिज कर दिया कि असल में केंद्रीय मंत्री (सिंह) ने उनसे और उनके पिता के साथ बातचीत के दौरान भाजपा और केंद्र सरकार में अपने अनिश्चित भविष्य को लेकर चिंता व्यक्त की थी। जब तेजस्वी यादव से भाजपा नेता के 'विलय संबंधी' दावे के अनुमान के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, '' सिंह कुछ सुर्खियां बटोरने की हताश कोशिश में ऐसे बयान देना पसंद करते हैं।

# नाबालिग छात्र की कपड़े उतारकर पिटाई का वीडियो आया सामने, एक आरोपी गिरफ्तार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**झांसी (उप्र)/भाषा।** झांसी जिला मुख्यालय के शिवाजी नगर स्थित एक निजी विद्यालय में दसवीं कक्षा के करीब 16 वर्षीय नाबालिग छात्र की उसके सहपाठियों ने पैसों के लेन-देन और पुरानी रंजिश के विवाद में कथित रूप से कपड़े उतारकर पिटाई की। पुलिस ने यह जानकारी दी।

इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर 'वायरल' हो गया। पुलिस ने शनिवार को बताया कि उसने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार यह घटना पिछले सोमवार की बताई जा रही है जिसका वीडियो बाद में 'वायरल' किया गया।

पीड़ित छात्र ने दो दिन पूर्व पुलिस को बताया कि पिछले दिनों वह घर के पास स्थित लेबर चौराहे के निकट एक पार्क में बैठा था तभी उसके कुछ स्कूली साथियों ने सेना की फायरिंग देखने जाने की बात कह कर अपने साथ गाड़ी में बिठा लिया तथा कानपुर रोड स्थित रिसाला चुंगी के पास सुनसान जंगल में ले गए। पीड़ित छात्र का आरोप है कि वहां उसके सहपाठियों ने कपड़े उतार कर उसके साथ मारपीट की तथा उसका उसका वीडियो बनाकर बाद में उसे सार्वजनिक कर दिया।

पुलिस ने बताया कि इससे कुछ दिन पहले आरोपियों में से एक युवक की उपरोक्त किशोर एवं उसके साथियों ने स्कूल से लौटते समय पिटाई कर दी थी, जिसका बदला लेने के लिए ही इस घटना को अंजाम दिया गया। पुलिस के मुताबिक साथ ही इन छात्रों के बीच दो रुपये की उधारी को लेकर भी विवाद चल रहा था।

घटना के संबंध में शहरी क्षेत्र के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) राजेश राय ने बताया कि इस मामले में नबाबाद थाना में पांच आरोपियो के खिलाफ सुसंगत धाराओं प्राथमिकी दर्ज की गयी है। सीओ के अनुसार एक बालिग आरोपी रामू सेन (20) को गिरफ्तार कर लिया गया है एवं अन्य नाबालिग आरोपियों की तलाश की जा रही है। नाबालिग आरोपियों की उम्र 15-16 वर्ष बताई गई है एवं वे सभी शिवाजी नगर क्षेत्र स्थित एक निजी स्कूल के छात्र बताए गए हैं।

# बरेली में छेड़छाड़ के आरोप में इमाम समेत छह लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बरेली (उप्र)/भाषा।** बरेली जिले में बिथरी चैनपुर थाना क्षेत्र के एक युवक ने मस्जिद के इमाम पर महिलाओं के साथ छेड़छाड़ करने और इसका विरोध करने पर उसे गांव से निकलवा देने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने युवक की शिकायत पर इमाम समेत छह लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।

थाने के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) संजय तोमर ने बताया कि परसौना गांव के नफीसउद्दीन की तहरीर पर मस्जिद के पेश इमाम यूनुस, रऊफ, आसिफ, ज़ीशान आलम, नदीम और इरशाद के खिलाफ भादंसं की धाराओं 147 (माहौल खराब करने के इरादे से दंगा भड़काना), 354 (महिलाओं के साथ अश्लीलता) और 506 (आपराधिक धमकी) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है और इन सभी के खिलाफ विधिक कार्रवाई होगी। पुलिस के अनुसार नफीसउद्दीन ने दावा किया है कि बिथरी चैनपुर थानाक्षेत्र के परसौना गांव में जामा मस्जिद में पेश इमाम यूनुस के खिलाफ कुछ महिलाओं ने छेड़छाड़ का आरोप लगाया जिसपर प्रारंभ में उसे विश्वास नहीं हुआ लेकिन कुछ दिन बाद जब इमाम ने उसकी पत्नी को छेड़ा तो उसे इस बात का यकीन हो गया।

पुलिस के मुताबिक नफीसउद्दीन ने इमाम को बुलाकर समझाया-बुझाया तो उसने गांव के लोगों को भड़का कर उसे गांव से निकाल देने की धमकी दी तथा उसकी बातों में आकर रऊफ, आसिफ ,जीशान आलम, नदीम एवं इरशाद ने गांव में दंगा कराने की कोशिश की। पुलिस के अनुसार नफीसउद्दीन का कहना है कि कुछ दिन तक डर की वजह से वह घर से बाहर नहीं निकला और इस दौरान गांव का माहौल खराब कर इमाम अपने गांव पिपरा ननकार चला गया। कुछ दिन बाद इमाम परसौना गांव में वापस आ गया और अब उसके उकसावे के कारण लोग उसे जान से मारने की धमकी दे रहे हैं।

# खेल मंत्री का बजरंग से जुड़े विवाद पर टिप्पणी से इनकार किया

**बेंगलूरु/भाषा।** खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने बृजभूषण शरण सिंह के करीबी संजय सिंह के भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के अध्यक्ष पद पर चुने जाने के विरोध में पहलवान बजरंग पूनिया द्वारा अपना पद्मश्री लौटाने के विवाद पर शनिवार को यहां कुछ कहने से इनकार कर दिया। ओलंपिक पदक विजेता बजरंग शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने और विरोध पत्र सौंपने के लिए नई दिल्ली के कर्तव्य पथ (प्रधानमंत्री आवास के बाहर) पर पहुंचे थे। पुलिसकर्मियों ने हालांकि उन्हें वहां रोक दिया। इसके बाद बजरंग ने अपना पद्मश्री पदक फुटपाथ पर इस पत्र पर रख दिया। ठाकुर ने यहां भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) केंद्र में शीर्ष खिलाड़ियों और एशियाई खेलों के पदक विजेताओं के सम्मान समारोह के मौके पर कहा, ''मैं पहले ही काफी बोल चुका हूं।


# सपा नेता आजम खान, उनकी पत्नी एवं बेटे की सज़ा के फैसले के खिलाफ अपील खारिज

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**रामपुर (उप्र)/भाषा।** रामपुर की एक विशेष अदालत ने समाजवादी पार्टी (सपा) के वरिष्ठ नेता आजम खान, उनकी पत्नी एवं बेटे को जन्म प्रमाण पत्र मामले में अधीनस्थ अदालत द्वारा सात-सात वर्ष की कैद सजा सुनाये जाने के फैसले को उचित ठहराते हुए उसके विरुद्ध दायर अपील को खारिज कर दिया। ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी अमरनाथ तिवारी ने बताया कि अपर जिला सत्र न्यायाधीश (सांसद-विधायक अदालत) विजय कुमार ने रामपुर की अधीनस्थ एमपी-एमएलए अदालत द्वारा सुनाये गये फैसले को जायज ठहराते हुए आजम खान, उनकी पत्नी एवं बेटे की अपील को खारिज कर दिया। रामपुर की एमपी-एमएलए अदालत के मजिस्ट्रेट शोभित बंसल ने फर्जी जन्म प्रमाण पत्र मामले में आजम खां, उनकी पत्नी तजीन फातिमा और बेटे अब्दुल्ला आजम को 18 अक्टूबर, 2023 को सात साल की कैद सजा सुनायी थी और 50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया था। फैसले के बाद, तीनों को न्यायिक हिरासत में ले लिया गया था और अदालत से ही जेल भेज दिया गया था। इसी फैसले को चुनौती दी गयी थी। तब आजम खान, अब्दुल्ला आजम खान और डॉ तंजीन फातिमा को अदालत में पेश होने के लिए समन किया गया था। आजम खान सीतापुर जेल और अब्दुल्लाह आजम खान हरदोई जेल से तथा डॉक्टर तंजीन फातिमा रामपुर जिला जेल से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच रामपुर की एमपी एमएलए अदालत (सेशन ट्रायल) के न्यायाधीश विजय कुमार की अदालत में पेश हुए।

# डेफलंपिक्स स्वर्ण पदक विजेता वीरेंद्र सिंह भी लौटाएंगे अपना पद्मश्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



नई दिल्ली/भाषा। डेफलंपिक्स (मूक बधिर खिलाड़ियों का ओलंपिक) के स्वर्ण पदक विजेता वीरेंद्र सिंह यादव ने भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के चुनाव में बृजभूषण शरण सिंह के विश्वस्त संजय सिंह के अध्यक्ष बनने के विरोध में देश के शीर्ष पहलवानों के साथ एकजुटता दिखाते हुए सरकार को अपना पद्मश्री लौटाने का फैसला किया है।

गूंगा पहलवान के नाम से मशहूर वीरेंद्र ने ओलंपिक कांस्य पदक विजेता पहलवान साक्षी मलिक और बजरंग पूनिया का समर्थन करते हुए कहा कि वह अपना सम्मान वापस लौटा देंगे। पूर्व डब्ल्यूएफआई प्रमुख बृजभूषण के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के प्रमुख चेहरों में शामिल साक्षी ने डब्ल्यूएफआई चुनावों में संजय सिंह की जीत के तुरंत बाद खेल से संन्यास की घोषणा की थी जबकि बजरंग ने शुक्रवार को अपना पद्मश्री लौटा दिया था। वीरेंद्र ने ट्विटर पर लिखा, '' मैं भी अपनी बहन और देश की बेटी के लिए पद्मश्री सम्मान लौटाऊंगा।

माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी, मुझे आपकी बेटी और मेरी बहन साक्षी मलिक पर गर्व है।'' उन्होंने सचिन तेंदुलकर और नीरज चोपड़ा जैसी देश की प्रतिष्ठित खेल हस्तियों से भी इस मुद्दे पर अपनी राय देने का आग्रह किया।

वीरेंद्र ने महान क्रिकेटर तेंदुलकर और ओलंपिक चैंपियन भाला फेंक खिलाड़ी चोपड़ा को टैग करते हुए कहा, ''देश के सबसे उच्च (शीर्ष) खिलाड़ियों से भी अनुरोध करूंगा कि वे भी अपना निर्णय दें। ''

# अर्थव्यवस्था बढ़ रही है, लेकिन धन कुछ लोगों के हाथों में : राहुल गांधी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा है कि भारत की अर्थव्यवस्था बढ़ रही है, लेकिन धन कुछ लोगों तक सीमित है और बेरोजगारी की समस्या एक बड़ी चुनौती बनी हुई है। उन्होंने हार्वर्ड विश्वविद्यालय के छात्रों के एक समूह के साथ बातचीत में यह भी कहा कि चुनाव लड़ने के लिए तटस्थ मीडिया, निष्पक्ष कानूनी प्रणाली, निष्पक्ष निर्वाचन आयोग, वित्तीय संसाधन तक पहुंच और तटस्थ संस्थानों की आवश्यकता होती है।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने 15 दिसंबर को हुई बातचीत का एक वीडियो शनिवार को 'एक्स' पर साझा किया। उन्होंने इस बातचीत के दौरान पिछले 10 वर्षों में भारत की आर्थिक प्रगति के बारे में पूछे जाने पर कांग्रेस नेता ने कहा, जब आप आर्थिक विकास के बारे में बात करते हैं तो आपको यह सवाल पूछना होगा कि आर्थिक विकास किसके हित में है। राहुल गांधी का कहना था, सवाल यह है कि विकास किस तरह का है और उससे किसे लाभ हो रहा है। भारत में विकास के आंकड़े हैं और दूसरी तरफ बेरोजगारी का आंकड़ा है। भारत बढ़ रहा है, लेकिन जिस तरह से यह बढ़ रहा है वह यह है कि बड़े पैमाने पर धन को कुछ लोगों तक समिति कर दिया है। उन्होंने दावा किया, हमारे यहां अडाणी जी हैं, हर कोई जानता है कि वह सीधे प्रधानमंत्री से जुड़े हुए हैं। वह हमारे सभी बंदरगाहों, हवाई अड्डों, अवसंरचना क्षेत्र में स्वामित्व रखते हैं! इस तरह से आपको विकास हासिल होगा लेकिन समुचित वितरण नहीं होगा।

यह पूछे पर कि जनता से संवाद और संपर्क का असर चुनाव नतीजों में क्यों नहीं दिखता तो राहुल गांधी ने कहा,...आपको एक निष्पक्ष मीडिया, निष्पक्ष कानूनी प्रणाली, निष्पक्ष चुनाव आयोग, वित्तीय संसाधन तक पहुंच, तटस्थ संस्थानों की आवश्यकता होती है। आप एक ऐसे अमेरिका की कल्पना करें जहां आंतरिक राजस्व सेवा (आईआरएस), संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) का पूर्णकालिक काम विपक्ष को खत्म करने का हो। हम इसी स्थिति में हैं।

# हरमनप्रीत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 'जादुई गेंदबाज' की भूमिका निभाई : दीप्ति शर्मा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



मुंबई/भाषा। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने शनिवार को यहां कप्तान हरमनप्रीत कौर की जमकर प्रशंसा करते हुए उन्हें 'जादुई गेंदबाज' करार दिया।

हरमनप्रीत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकमात्र टेस्ट क्रिकेट मैच के तीसरे दिन अंतिम सत्र में दो महत्वपूर्ण विकेट लेकर भारत को वापसी दिलाई।

ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे दिन अधिकतर समय दबदबा बना कर रखा था लेकिन दिन का खेल समाप्त होने तक इसका स्कोर 5 विकेट पर 233 रन था और उसने 46 रन की बढ़त हासिल कर ली है। भारत ने पहली पारी में 406 रन बनाकर 187 रन की बढ़त ली थी।

दीप्ति ने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने के बाद पत्रकारों से कहा,''हैरी दी (हरमनप्रीत) के हाथों में जादू है। वह जब भी गेंदबाजी करने के लिए आती है तब विकेट जरूर हासिल करती है।'' उन्होंने कहा,''वह हमेशा गेंदबाजी करने के लिए तैयार रहती है। हर कोई गेंदबाजी कर रहा था लेकिन हमें एक जादुई गेंदबाज की जरूरत थी जो विकेट ले सके क्योंकि उनकी साझेदारी लंबी खिंच गई थी। इससे हम लय हासिल करने में भी सफल रहे।''

हरमनप्रीत ने ताहलिया मैकग्रा (177 गेंदों में 73 रन, 10 चौके) को बोल्ड किया और फिर खतरनाक दिख रही एलिसा हिली (32) को पगबाधा आउट किया।

भारत की पहली पारी में सर्वाधिक 78 रन बनाने वाली दीप्ति ने कहा कि मैच के अंतिम दिन शुरू में ही विकेट हासिल करना महत्वपूर्ण होगा।

उन्होंने कहा,''हमारा लक्ष्य उनके बाकी बचे 5 विकेट जल्द से जल्द हासिल करना होगा। हमारे सामने जितना छोटा लक्ष्य होगा उतना बेहतर होगा। पहले दिन की तुलना में तीसरे दिन गेंद नीचे रह रही थी। अंतिम दिन गेंदबाजों को विकेट से मदद मिलनी चाहिए।''

इस बीच ऑस्ट्रेलिया की ऑलराउंडर एलिस पेरी ने कहा कि उनकी टीम का लक्ष्य अपनी बढ़त को 200 रन तक पहुंचाना होगा।

## सुविचार

**वक्त बड़ा अजीब होता है, इसके साथ चलो तो किस्मत बदल देता है, और ना चलो तो किस्मत को ही बदल देता है।**

## ट्वीट



2014 से पहले अक्सर किसान कहते थे, उन्हें सरकार से मदद बहुत कम मिलती है और जो मिलती थी, वह बिचौलियों के खाते में जाती थी। देश के छोटे और मझले किसान मदद से वंचित ही रहते थे। पिछले 9.5 वर्षों में यह स्थिति बदल चुकी है।

-सीपी जोशी



पुंछ में हुए कायराना व घृणित आतंकी हमले में देश की रक्षार्थ शहीद हुए सभी जवानों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि। हम सभी की गहन संवेदनाएं वीर बलिदानियों के परिजनों के साथ हैं।

-अशोक गहलोत

## कहानी

नृपेन्द्र

# पापी कौन है ?

कड़ी मेहनत के बाद राजा विक्रमादित्य ने एक बार फिर बेताल को पकड़ लिया। वह उसे अपने कंधे पर लादकर श्मशान की ओर ले चले। रास्ते में बेताल ने राजा को एक नई कहानी शुरू की और बेताल बोला एक बार की बात है काशी में एक राजा था, जिसका नाम प्रताप मुकुट था। उसकी एक संतान थी, जिसका नाम वज्रमुकुट थी। एक दिन वज्रमुकुट दीवान के बेटे के साथ शिकार करने जंगल गया। काफी घूमने के बाद उन दोनों को एक तालाब दिखा, जिसमें कमल खिले थे और हंस उड़ रहे थे। दोनों दोस्तों ने वहां रुककर तालाब के पानी से हाथ-मुंह धोया और पास ही बने महादेव के मंदिर में दर्शन करने चले गए। दोनों ने अपने घोड़े मंदिर के बाहर ही बांध दिए। फिर जब दोनों दोस्त दर्शन करके मंदिर से बाहर निकले, तो उन्होंने देख कि तालाब में एक राजकुमारी अपनी सहेलियों के साथ स्नान करने आई है।

राकुमारी को देखकर राजकुमार काफी खुश हुआ। राजकुमार और राजकुमारी दोनों एक-दूसरे को देखकर मोहित हो गए, जबकि दीवान का बेटा वहीं एक पेड़ के नीचे आराम करने लगा। राजकुमार को देखते ही राजकुमारी ने बालों में से एक कमल का फूल निकाला, कान से लगाया, दांतों से कुतरा, पैरों के नीचे दबाया और फिर अपने छाती से लगाकर अपनी सहेलियों के साथ चली गई। उसके जाने के बाद राजकुमार काफी दुखी हुआ और अपने मित्र के पास लौटकर सारी बात बताई। राजकुमार बोला, मैं राजकुमारी के बिना नहीं रह सकता हूं, लेकिन मुझे इस राजकुमारी के बारे में कुछ भी नहीं पता है। वह कहां रहती, उसका नाम क्या है? दीवान के बेटे ने सारी बातें सुनी और राजकुमार को दिलासा देते हुए बोला, राजकुमार, आप घबराइए मत। राजकुमारी ने सबकुछ बताया है। आश्चर्यचकित होते हुए राजकुमार ने पूछा, वो कैसे?

दीवान के बेटे ने राजकुमार को बताना शुरू किया कि राजकुमारी ने कमल के फूल को बालों से निकालकर कानों से लगाया यानी राजकुमारी का कहना है कि वह कर्नाटक से है। दांत से फूल को कुतरा, मतलब उनके पिता का नाम दंतावट है। फूल को पांव से दबाने का मतलब था कि राजकुमारी का नाम पद्मावती है और फूल को सीने से लगाने का मतलब था कि अब आप उनके हृदय में बस चुके हैं। यह सब सुनते ही राजकुमार बहुत ज्यादा खुश हो गया। खुश होते हुए राजकुमार ने दीवान के बेटे से कहा कि मुझे कर्नाटक जाना है मुझे वहां ले चलो। दोनों दोस्त कई दिनों तक घूमते-फिरते कर्नाटक पहुंचे। जब वो दोनों राजमहल के निकट पहुंचे, तो उन्हें एक चरखा चलाती बुजुर्ग महिला दिखी।



महिला को देखते ही दोनों घोड़े से उतरे और उसके पास जाकर कहा, माई, हम दोनों व्यापारी हैं, हम बहुत दूर से आए हैं। हमारा सामान अभी तक आया नहीं है, कुछ दिनों में हमारा सामान भी पहुंच जाएगा। हम दोनों को बस रहने के लिए थोड़ी-सी जगह चाहिए। उनकी बातें सुनकर बुजुर्ग महिला की ममता जाग उठी, उसने कहा, बेटा इसे अपना ही घर समझो। जब तक मन करे यहां रह सकते हो। इसके बाद दोनों उसके घर में रहने लगे। इसी बीच दीवान के बेटे ने उस महिला से पूछा, आप क्या काम करती हैं माई? आपके यहां कौन-कौन रहता है? आप कैसे अपना गुजर-बसर करती हैं? इन सारे सवालों का जवाब धीरे-धीरे उस महिला ने देना शुरू किया। उसने कहा, मेरा एक पुत्र है, जो राजा के यहां नौकरी करता है। मैं राजा की पुत्री पद्मावती की दासी थी। बूढ़ी हो गई हूं, इसलिए घर में ही रहती हूं। महाराज खाने को दे देते हैं और पूरे दिन में एक बार राजकुमारी से मिलने चली जाती हूं।

इतना सुनते ही राजकुमार ने बूढ़ी औरत को कुछ धन दिए और राजकुमारी तक संदेशा पहुंचाने को कहा। राजकुमार ने उस बूढ़ी महिला को कहा, माई, कल तुम जब राजकुमारी के पास जाओ, तो उनसे कहना कि जेठ सुदी पंचमी को तुम्हें नदी के पास जो राजकुमार मिला था, वो तुम्हारे राज्य में आ गया है। अगले दिन वो बूढ़ी औरत राजकुमार का संदेश लेकर राजकुमारी के पास गई। उस महिला की बात सुनते ही राजकुमारी गुस्सा हो गई। उन्होंने हाथों में चंदन लगाकर उस महिला के गाल पर तमाचा मारते हुए कहा, मेरे घर से निकल जाओ। बूढ़ी औरत ने घर लौटकर राजकुमार को सारी बातें बताई। महिला की बातें सुनकर राजकुमार चौंक गया। फिर राजकुमार के मित्र ने राजकुमार को धैर्य बंधाते हुए कहा, राजकुमार आप चिंतित न हों। राजकुमारी की बातों को समझने की कोशिश करें। ध्यान दें कि राजकुमारी ने उंगलियों को सफेद चंदन में डुबोकर गाल पर मारा है। इसका मतलब अभी कुछ दिन चांदनी के हैं। उनके खत्म होने के बाद अंधेरी रात में मिलूंगी।

कुछ दिनों बाद बूढ़ी महिला फिर राजकुमारी के पास संदेशा लेकर पहुंची। इस बार राजकुमारी ने केसरी रंग में तीन उंगलियां डुबोकर बूढ़ी महिला के मुंह पर मारते हुए कहा, भागो यहां से। फिर उस महिला ने आकर राजकुमार को सारी बातें बताई। राजकुमार यह सुनकर बहुत दुखी हुआ। इस पर दीवान के बेटे ने राजकुमार से कहा, इसमें दुखी होने की कोई बात नहीं है राजकुमार। राजकुमारी ने कहा है कि अभी उसकी तबीयत ठीक नहीं है, तो इसलिए तीन दिन और रुक जाओ।

तीन दिन बाद वो बूढ़ी महिला फिर राजकुमारी के पास जा पहुंची। इस बार फिर से राजकुमारी ने उस महिला को फटकारा और पश्चिम की खिड़की से बाहर जाने के लिए कहा। वो महिला फिर से राजकुमार के पास गई और सारी कहानी सुनाई। तब दीवान के बेटे ने राजकुमार को समझाते हुए कहा कि मित्र राजकुमारी ने आपको उस खिड़की की तरफ बुलाया है।

**राजकुमार यह सुनते ही खुशी से उछल पड़ा। उसने बूढ़ी महिला के कपड़े पहनकर नारी का भेष धारण किया, इत्र लगाया और हथियार बांधकर राजकुमारी से मिलने चल पड़ा। राजकुमार महल पहुंचा और खिड़की के रास्ते राजकुमारी के कमरे में पहुंच गया। राजकुमारी वहां पर तैयार थी और राजकुमार का इंतजार कर रही थी। राजकुमार जैसे ही कमरे में गया, उसकी आंखें खुली की खुली रह गई। राजकुमारी के कमरे में कई महंगी चीजें रखी थीं। रातभर राजकुमार और राजकुमारी साथ ही रहे। फिर जैसे ही दिन निकलने को आया राजकुमारी ने उस राजकुमार को सबसे छिपा दिया। जब रात होने लगती, तो राजकुमार बाहर आ जाता। इस तरह करते-करते कई दिन बीत गए। फिर अचानक राजकुमार को अपने दोस्त की याद आई।**

राजकुमार यह सुनते ही खुशी से उछल पड़ा। उसने बूढ़ी महिला के कपड़े पहनकर नारी का भेष धारण किया, इत्र लगाया और हथियार बांधकर राजकुमारी से मिलने चल पड़ा। राजकुमार महल पहुंचा और खिड़की के रास्ते राजकुमारी के कमरे में पहुंच गया। राजकुमारी वहां पर तैयार थी और राजकुमार का इंतजार कर रही थी। राजकुमार जैसे ही कमरे में गया, उसकी आंखें खुली की खुली रह गईं। राजकुमारी के कमरे में कई महंगी चीजें रखी थीं। रातभर राजकुमार और राजकुमारी साथ ही रहे। फिर जैसे ही दिन निकलने को आया राजकुमारी ने उस राजकुमार को सबसे छिपा दिया। जब रात होने लगती, तो राजकुमार बाहर आ जाता। इस तरह करते-करते कई दिन बीत गए। फिर अचानक राजकुमार को अपने दोस्त की याद आई। राजकुमार को अपने दोस्त की चिंता हुई कि पता नहीं उसका दोस्त कहां होगा, कैसा होगा और उसका क्या हाल हुआ होगा।

राजकुमार को दुखी देखकर राजकुमारी ने राजकुमार के दु:ख का कारण पूछा। उसके बाद राजकुमार ने राजकुमारी को अपने मित्र के बारे में बताया। राजकुमार ने कहा, वह मेरा बहुत अच्छा और चतुर दोस्त है। उसी के वजह से मैं तुमसे मिल पाया हूं।

यह सुनने के बाद राजकुमारी ने राजकुमार को कहा, मैं तुम्हारे दोस्त के लिए स्वादिष्ट भोजन बनवाती हूं। तुम उसे भोजन कराकर और उसे समझाकर वापस आ जाना। फिर राजकुमार खाना लेकर अपने दोस्त के पास पहुंचा। दोनों मित्र लगभग कई महीनों से नहीं मिले थे। मिलने के बाद राजकुमार ने अपने मित्र को सारी बातें बताई। राजकुमार ने कहा, मैंने राजकुमारी को तुम्हारी चतुराई के बारे में बताया। राजकुमारी ने तुम्हारे लिए भोजन भिजवाया है। यह सब सुनकर दीवान का बेटा सोच में पड़ गया। उसने राजकुमार से कहा कि यह तुमने ठीक नहीं किया। राजकुमारी समझ गई है कि जब तक मैं तुम्हारे साथ हूं, तब तक वह आपको अपने बस में नहीं रख सकेगी। इसलिए, उन्होंने इस खाने में जहर डालकर भेजा है।

यह कहते ही दीवान के बेटे ने उस खाने से एक लड्डू लेकर सामने बैठे एक कुत्ते को दिया। लड्डू खाते ही कुत्ते की मृत्यु हो गई। यह देखते ही राजकुमार को बहुत बुरा लगा। उसने कहा कि ऐसी औरत से भगवान रक्षा करे। अब मैं उस राजकुमारी के पास नहीं जाऊंगा। दीवान के बेटे ने राजकुमार से कहा, नहीं, अब कुछ ऐसी तरकीब निकालनी चाहिए, जिससे कि हम उसे साथ में अपने घर ले जा सकें। आज रात तुम वहां जाओ और जब राजकुमारी सो रही हो, तब उसकी बाईं जांघ पर त्रिशूल का निशान बना देना। फिर उसके गहने लेकर आ जाना। राजकुमार ने अपने मित्र की बात सुनी और उसके कहे अनुसार ही किया। फिर दीवान के बेटे ने योगी का भेष धारण कर लिया। उसने राजकुमार से कहा कि तुम इन गहनों को बाजार में बेच दो। अगर कोई पकड़े, तो कहना मेरे गुरु के पास चलो और उसे मेरे पास ले आना। राजकुमार वो गहने महल के पास एक सुनार के पास ले गया। सुनार ने गहनों को देखते ही पहचान लिया और राजकुमार को कोतवाल के पास ले गया। कोतवाल ने राजकुमार से सवाल पूछे, तो राजकुमार ने कहा, ये गहने मुझे मेरे गुरुजी ने दिए हैं।

यह सुनने के बाद कोतवाल ने गुरु यानी दीवान के बेटे को भी पकड़ लिया और राजा के दरबार में ले गया। राजा ने पूछा, योगी महाराज, आपको ये कीमती गहने कहां से मिले? योगी का भेष धारण किए हुए दीवान के बेटे ने कहा, महाराज मैं श्मशान में काली चौदस को डाकिनी मंत्र प्राप्त कर रहा था कि मेरे सामने डाकिनी आई। मैंने उसके जेवर उतार लिए और उसकी बाईं जांघ पर त्रिशूल का छाप बना दिया। यह सुनते ही राजा महल में गया और उसने रानी को कहा कि पद्मावती की बाईं जांघ देखे कि कहीं राजकुमारी के जांघ पर त्रिशूल का छाप तो नहीं है। राजा की बात सुनते ही रानी ने देखा और सच में राजकुमारी की बाईं जांघ पर त्रिशुल का निशान था। यह जानकर राजा बहुत दुखी हुआ। फिर राजा योगी के पास गए और कहा कि योगी बताओ धर्म शास्त्र में बुरी औरतों के लिए क्या सजा है?

योगी ने उत्तर दिया ब्राह्मण, राजा, गऊ, औरत, पुरुष और अपने राज्य में रहने वाले किसी से भी कोई बुरा काम हो जाए, तो उसे राज्य से बाहर निकाल देना जाना चाहिए। यह सुनते ही राजा ने पद्मावती को जंगल भेज दिया। वहां राजकुमार और दीवान का बेटा मौके के इंतजार में बैठे थे। राजकुमारी को अकेला पाकर दोनों उसे अपने नगर ले आए और खुशी-खुशी रहने लगे। कहानी खत्म हुई और हर बार की तरह एक बार फिर बेताल ने विक्रम से पूछा, तो राजन बताओ इस कहानी में पापी कौन है? जल्दी बताओ राजन, वरना तुम्हारे सिर के टुकड़े-टुकड़े कर दूंगा विक्रम ने उत्तर देते हुए कहा, पापी राजा था, क्योंकि दीवान के पुत्र ने अपने मालिक का काम किया। कोतवाल ने राजा का कहना सुना और राजकुमार ने अपनी इच्छा पूरी की, लेकिन इस कहानी में राजा पापी था। उसने बिना सोचे-विचारे राजकुमारी को राज्य से बाहर निकाला दिया। विक्रम के इतना कहते ही बेताल फिर उड़कर पेड़ पर जा लटका।

## संजय उवाच



संजय भारद्वाज
9890122603
writersanjay@gmail.com

# यथार्थ की कल्पना

कल्पनालोक.., एक शब्द जो प्रेरित करता है अपनी कल्पना का एक जगत तैयार कर उसमें विचरण करने के लिए। यूँ देखें तो कल्पना अभी है, कल्पना अभी नहीं है। इस अर्थ में इहलोक भी कल्पना का ही विस्तार है। कहा गया है, 'ब्रह्म सत्यं, जगन्मिथ्या' किंतु घटता इसके विपरीत है। सामान्यत: जीवात्मा, मोहवश ब्रह्म को विस्मृत कर जगत को अंतिम सत्य मानने लगता है। सिक्के का दूसरा पक्ष है कि वर्तमान के अर्जित ज्ञान को आधार बनाकर मनुष्य भविष्य के सपने गढ़ता है। सपने गढ़ना अर्थात कल्पना करना। कल्पना अपनी प्रकृति में तो क्षणिक है पर उसके गर्भ में कालातीत होने की संभावना छिपी है।

शब्द और उसके अर्थ के अंतर्जगत से निकलकर खुली आँख से दिखते वाह्यजगत में लौटते हैं।

वाह्यजगत में सनातन संस्कृति जीवात्मा को चौरासी लाख योनियों में परिक्रमा कराती है। लख चौरासी के संदर्भ में पद्मपुराण कहता है,

जलज नव लक्षाणि, स्थावर लक्ष विंशति:, कृमयो रुद्रसंख्यक:। पक्षिणां दश लक्षाणि त्रिंशल लक्षाणि पशव: चतुर्लक्षाणि मानव:।

अर्थात 9 लाख जलचर, 20 लाख स्थावर पेड़-पौधे, 11 लाख सरीसृप, कीड़े-मकोड़े, कृमि आदि, 10 लाख पक्षी/ नभचर, 30 लाख पशु/ थलचर तथा 4 लाख मानव प्रजाति के प्राणी हैं।

सोचता हूँ जब कभी घास-फूस-तिनका बना तब जन्म कहाँ पाया था? किसी घने जंगल में जहाँ खरगोश मुझ पर फुदकते होंगे, हिरण कुलाँचे भरते होंगे, सरीसृप रेंगते होंगे। हो सकता है कि फुटपाथ पर पत्थरों के बीच से अंकुरित होना पड़ा हो जहाँ अनगिनत पैर रोज मुझे रौंदते होंगे। संभव है कि सड़क के डिवाइडर में शोभा की घास के रूप में जगत में था, जहाँ तय सीमा से ज़रा-सा ज़्यादा पनपा नहीं कि सिर धड़ से अलग।

जलचर के रूप में केकड़ा, छोटी मछली से लेकर शार्क, ऑक्टोपस, मगरमच्छ तक क्या-क्या रहा होऊँगा! कितनी बार अपने से निर्बल का शिकार किया होगा, कितनी बार मेरा शिकार हुआ होगा।

पेड़-पौधे के रूप में नदी किनारे उगा जहाँ खूब फला-फूला। हो सकता है कि किसी बड़े शहर की व्यस्त सड़क के किनारे खड़ा था। स्थावर होने के कारण इसे ऐसे भी कह सकता हूँ कि जहाँ मैं खड़ा था, वहाँ से सड़क निकाली गई। कहने का तरीका कोई भी हो, हर परिस्थिति में मेरी टहनियों ने जब झूमकर बढ़ना चाहा होगा, तभी उनकी छंटनी कर दी गई होगी। विकास से अभिशप्त मेरा कभी फलना-फूलना न हो सका होगा। स्वाभाविक मृत्यु भी शायद ही मिली होगी। कुल्हाड़ी से काटा गया होगा या ऑटोमेटिक आरे से चीर कर वध कर दिया होगा।

सर्प का जीवन रहा होगा, चूहे और कनखजूरे का भी। मेंढ़क था और डायनासोर भी। केंचुआ बन पृथ्वी के गर्भ में उतरने का प्रयास किया, तिलचट्टा बन रोशनी से भागता रहा। सुग्गा बन अनंत आकाश में उड़ता घूमा था या किसी पिंजरे में जीवन बिताया होगा जहाँ से अंतत: देह छोड़कर ही उड़ सका।

माना जाता है कि मनुष्य जीवन, आगमन-गमन के फेरे से मुक्ति का अवसर देता है। जानता हूँ कि कर्म ऐसे नहीं कि मुक्ति मिले। सच तो यह है कि मैं मुक्ति चाहता भी नहीं।

चाहता हूँ कि बार-बार लौटूँ इहलोक में। हर बार मनुज की देह पाऊँ। हर जन्म लेखनी हाथ में हो, हर जन्म में लिखूँ, अनवरत लिखूँ, असीम लिखूँ।

इतना लिखूँ कि विधाता मुझे मानवमात्र का लेखा लिखने का काम दे। तब मैं मनुष्य के भीतर दुर्भावना जगाने वाले पन्ने कोरे छोड़ दूँ। दुर्भावनारहित मनुष्य सृष्टि में होगा तो सृष्टि परमात्मा के कल्पनालोक का जीता-जागता यथार्थ होगी।

चाहता हूँ कि इस कल्पना पर स्वयं ईश्वर कहें, 'तथास्तु।'

## बोध कथा

# सुई देने वाली पेड़

एक जंगल के पास दो भाई रहा करते थे। इन दोनों में से जो भाई बड़ा था वो बहुत ही ख़राब बर्ताव करता था छोटे भाई के साथ। जैसे की वो प्रतिदिन छोटे भाई का सब खाना ख लेता था और साथ में छोटे भाई के नए कपड़े भी खुद पहन लेता था।

एक दिन बड़े भाई ने तय किया की वो पास के जंगल में जाकर कुछ लकड़ियाँ लायेगा जिसे की वो बाद में बाज़ार में बेच देगा कुछ पैसों के लिए। जैसे ही वह जंगल में गया वहीं वो बहुत से पेड़ काटे, फ़िर ऐसे ही एक के बाद एक पेड़ काटते हुए, वह एक जादुई पेड़ पर ठोकर खाई।

ऐसे में पेड़ ने कहा, अरे मेहरबान सर, कृपया मेरी शाखाएं मत काटो। अगर तुम मुझे छोड़ दो तब, मैं तुम्हें एक सुनहरा सेब दूंगा। वह उस समय सहमत हो गया, लेकिन उसके मन में लालच जागृत हुआ। उसने पेड़ को धमकी दी कि अगर उसने उसे ज्यादा सेब नहीं दिया तो वह पूरा धड़ काट देगा।

ऐसे में जादुई पेड़, बजाय बड़े भाई को सेब देने के, उसने उसके ऊपर सैकड़ों सुइयों की बौछार कर दी। इससे बड़े भाई दर्द के मारे जमीन पर लेटे रोने लगा। अब दिन धीरे धीरे ढलने लगा, वहीँ छोटे भाई को चिंता होने लगी। इसलिए वह अपने बड़े भाई की तलाश में जंगल चला गया। उसने उस पेड़ के पास बड़े भाई को दर्द में पड़ा हुआ पाया, जिसके शरीर पर सैकड़ों सुई चुभी थी। उसके मन में दया आई, वह अपने भाई के पास पहुंचकर, धीरे धीरे हर सुई को प्यार से हटा दिया।

ये सभी चीज़ें बड़ा भाई देख रहा था और उसे अपने पर गुस्सा आ रहा था। अब बड़े भाई ने उसके साथ बुरा बर्ताव करने के लिए छोटे भाई से माफी मांगी और बेहतर होने का वादा किया। पेड़ ने बड़े भाई के दिल में आए बदलाव को देखा और उन्हें वह सब सुनहरा सेब दिया जितना की उन्हें आगे चलकर जरुरत होने वाली थी।



## वीर गाथा

# सिपाही गुरतेज सिंह : चीन के कंटीले हथियार भी हौसला नहीं डिगा सके

सिपाही गुरतेज सिंह का जन्म 15 नवंबर, 1997 को पंजाब के बीरेवाला डोगरान में हुआ था। उनका जीवन साहस और वीरता की कहानी था। माता प्रकाश कौर और पिता विरसा सिंह के बहादुर बेटे गुरतेज का बचपन का सपना था कि वे बड़े होकर सैनिक बनें। यह सपना साल 2018 में पूरा हुआ, जब वे सेना में भर्ती हो गए।

गुरतेज को 3 पंजाब बटालियन में शामिल किया गया था। उन्हें सख्त प्रशिक्षण के बाद सियाचिन भेजा गया। वहां मौसम संबंधी विकट परिस्थितियों का अनुभव लेने के बाद उन्हें पूर्वी लद्दाख में एलएसी के पास तैनात किया गया।

यहां चीनी फौज की गतिविधियां बढ़ती जा रही थीं, जिन पर भारतीय सुरक्षा बल कड़ी नजर बनाए हुए थे। पंद्रह जून, 2020 को गलवान घाटी में ऑपरेशन स्नो लेपर्ड के दौरान गुरतेज अपने कर्तव्यों का पालन कर रहे थे। उन्हें एक ऑब्जर्वेशन पोस्ट स्थापित करने का काम सौंपा गया था।

उन्होंने पोस्ट की स्थापना करते समय दुश्मन सैनिकों की आक्रामक गतिविधियां देखीं, जो हिंसक झड़प में बदल गईं। चीनी फौजियों ने कंटीले हथियारों का इस्तेमाल किया और उनकी तादाद भी बहुत ज्यादा थी।

गुरतेज सिंह ने आमने-सामने की इस भयंकर लड़ाई में दुश्मन सैनिकों का विरोध करने में अदम्य बहादुरी, साहस और असाधारण युद्ध कौशल का प्रदर्शन किया। वे इस दौरान खुद भी घायल हो गए। उन्होंने व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बिना दुश्मन से बहादुरी से लड़ना जारी रखा और कई चीनियों पर जोरदार प्रहार किए। उन्होंने अपने घायल साथी सैनिकों को भी बचाया। गंभीर रूप से घायल गुरतेज ने देश की रक्षा करते-करते प्राण न्योछावर कर दिए। दुश्मन के सामने विशिष्ट वीरता के प्रदर्शन और कर्तव्य के दौरान बलिदान के लिए सिपाही गुरतेज सिंह को 'वीर चक्र' से सम्मानित किया गया है।



महत्त्वपूर्ण
Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company, 6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51 and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**, (*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law. **RNI No. 58061/93. Regn No.: RNP/KA/BGS/2050/2015-2017 posted at Bengaluru PSO Mysore Road Bengaluru-560 026**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टेंडर एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता। – दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# भाजपा बैठक : 2024 में 'भारी बहुमत' से जीत के लिए पार्टी की नजर वोट प्रतिशत बढ़ाने पर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की नजरें 2024 के लोकसभा चुनाव में 'भारी' जीत हासिल करने पर टिकी हैं और इसके मद्देनजर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संगठन के प्रमुख नेताओं से पार्टी का वोट प्रतिशत 10 प्रतिशत बढ़ाने की दिशा में काम करने को कहा है। सूत्रों ने बताया कि शनिवार को दो दिवसीय मंथन बैठक के समापन के दिन भाजपा के राष्ट्रीय पदाधिकारियों और प्रदेश अध्यक्षों को संबोधित करते हुए गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि भाजपा का प्रदर्शन ऐसा होना चाहिए कि विपक्ष 'स्तब्ध' हो जाए।

विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' और भाजपा के बीच सीधी लड़ाई की संभावना के बीच प्रधानमंत्री मोदी ने पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं से आगामी लोकसभा चुनाव में 2019 के चुनावों की तुलना में भाजपा के वोट प्रतिशत में 10 प्रतिशत की वृद्धि करने का आह्वान किया। साल 2019 के चुनाव में सत्तारूढ़ पार्टी को 37 प्रतिशत से अधिक वोट मिले थे जबकि उसके नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को करीब 45 प्रतिशत वोट मिले थे। साल 2014 में केंद्र में सत्ता में आने के बाद से, भाजपा ने विधानसभा चुनावों में अपने वोट प्रतिशत को 50 प्रतिशत तक बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास किया है और कुछ चुनावों में उसे सफलता भी मिली।

शाह ने हाल ही में मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में भाजपा के प्रदर्शन का उल्लेख किया और 50 प्रतिशत वोट हासिल करने के लक्ष्य के लिए राज्य संगठन की सराहना की। सूत्रों ने बताया कि मोदी की तरह शाह ने भी चुनावों में संगठन की प्रमुखता को रेखांकित किया और कहा कि पार्टी को इतनी 'भारी' जीत मिलनी चाहिए कि विपक्ष उसे चुनौती देने से पहले कई बार सोचे।

प्रधानमंत्री ने महिलाओं, युवाओं, किसानों और गरीबों तक पहुंचने की आवश्यकता पर जोर दिया, जिन्हें वह अक्सर चार सबसे बड़ी 'जातियां' बताते रहे हैं। उन्होंने पार्टी नेताओं से कहा कि वे अधिक से अधिक संख्या में इन लोगों को 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' से जोड़ें, जिसका उद्देश्य उनकी सरकार की प्रमुख कल्याणकारी योजनाओं को शत प्रतिशत पूरा करना है।

सूत्रों ने कहा कि पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने जीत के लिए सीट संख्या का कोई विशिष्ट लक्ष्य निर्धारित नहीं किया, लेकिन ऐसी जीत सुनिश्चित करने पर जोर दिया जो 2019 के प्रदर्शन से बड़ी हो। भाजपा ने पिछले आम चुनावों में 543 सदस्यीय लोकसभा में से 303 सीटें जीती थीं। उन्होंने विपक्ष पर झूठ का सहारा लेने और फर्जी विमर्श फैलाने का आरोप लगाया लेकिन विश्वास जताया कि लोग मोदी को ही चुनेंगे और केंद्र में लगातार तीसरा कार्यकाल सौंपेंगे। पार्टी के शीर्ष नेताओं ने अपने भाषणों में भाजपा पदाधिकारियों से हर जगह अपनी बूथ समितियों को मजबूत करने के लिए कहा ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि उसके स्थानीय कार्यकर्ता अधिक से अधिक लोगों तक पहुंच सकें।

बैठक में हाल के विधानसभा चुनावों में भाजपा की बड़ी जीत की भी प्रशंसा की गई। राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश के अध्यक्ष अध्यक्षों ने जीत पर अपने विचार रखे। भाजपा की मध्य प्रदेश इकाई के अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, नयी दिल्ली में आयोजित भाजपा की दो दिवसीय राष्ट्रीय पदाधिकारी बैठक में सम्मिलित हुआ। इस अवसर पर मध्य प्रदेश के विधानसभा चुनाव में भाजपा संगठन द्वारा किए गये विभिन्न नवाचारों व प्रत्येक बूथ पर 51 प्रतिशत वोट पाने की गतिविधियों के बारे में जानकारी साझा की। इन चुनावों में जीत के प्रमुख कारणों में मोदी का नेतृत्व, उनकी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की अपील और इसके संगठनात्मक तंत्र की ताकत को बताया गया। बैठक में अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह पर भी चर्चा हुई। पार्टी को विश्वास है कि चुनाव में यह उसके पक्ष में एक बड़ा मुद्दा होगा। पार्टी के विभिन्न 'मोर्चों' ने चुनाव से पहले अपने आगामी कार्यक्रमों के बारे में विचार रखे।

# भारतीयों को ले जा रहे विमान को फ्रांस में उतारा गया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

पेरिस। निकारागुआ जा रहे एक विमान को फ्रांसीसी अधिकारियों ने पेरिस के पास एक हवाईअड्डे पर 'तकनीकी ठहराव' के दौरान 'मानव तस्करी' के संदेह के आधार पर रोक लिया जिसमें 303 यात्री सवार हैं और अधिकतर भारतीय हैं। इसी के साथ पेरिस स्थित भारतीय दूतावास को अपने नागरिकों तक राजनयिक पहुंच मिल गई है। स्थानीय मीडिया ने फ्रांसीसी अधिकारियों के हवाले से शनिवार को खबर दी कि संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से 303 यात्रियों को लेकर यह विमान निकारगुआ जा रहा था। फ्रांसीसी अधिकारियों ने ''मानव तस्करी'' के संदेह में बृहस्पतिवार को मार्ने स्थित शैलन्स वैट्री हवाई अड्डे पर रोक लिया। । फ्रांस में स्थित भारतीय दूतावास ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''फ्रांसीसी अधिकारियों ने हमें सूचित किया कि दुबई से निकारागुआ जा रहे 303 लोगों, जिनमें अधिकतर भारतीय मूल के लोग हैं, उन्हें एक फ्रांसीसी हवाई अड्डे पर विमान के तकनीकी पड़ाव के दौरान हिरासत में लिया गया है। दूतावास की टीम पहुंच गई है और भारतीय नागरिकों के लिए राजनयिक पहुंच प्राप्त कर ली है। हम स्थिति पर नजर रखे हुए हैं, साथ ही यात्रियों की सुरक्षा भी सुनिश्चित कर रहे हैं।''

'ले मोंडे' अखबार की खबर अनुसार, मार्ने विभाग की नागरिक सुरक्षा इकाई ने शनिवार को कहा कि विमान में 13 नाबालिग ऐसे हैं जिनके साथ कोई अभिभावक नहीं है। साथ में कुछ अन्य नाबालिग भी सवार हैं जिनकी उम्र 21 महीने से 17 साल के बीच है। 'ले मोंडे' समाचारपत्र की खबर के अनुसार, राष्ट्र विरोधी-संगठित अपराध मामलों को देखने वाली इकाई जेयूएनएएलसीओ ने जांच अपने हाथ में ले ली है।

पेरिस अभियोजक कार्यालय ने एक बयान में कहा कि विशेष जांचकर्ता विमान में सवार सभी यात्रियों से पूछताछ कर रहे हैं और दो लोगों को आगे की जांच के लिए हिरासत में लिया गया है। मार्ने प्रीफेक्चर के अधिकारी ने बताया कि रोमानियाई कंपनी 'लीजेंड एयरलाइंस' का ए340 विमान बृहस्पतिवार को उतरने के बाद वैट्री हवाई अड्डे पर खड़ा रहा।

## उद्घाटन



हरिद्वार में शनिवार को गुरुकुल कांगड़ी में वेद विज्ञान एवं संस्कृति महाकुंभ के उद्घाटन पर संत।

# भारत के बाहर अलगाववादी ताकतों को जगह नहीं मिलनी चाहिए : जयशंकर

गांधीनगर।विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अमेरिका स्थित एक मंदिर की दिवारों पर भारत विरोधी नारे लिखे जाने और उसमें तोड़फोड़ की घटना पर शनिवार को चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि भारत के बाहर चरमपंथियों और अलगाववादी ताकतों को जगह नहीं मिलनी चाहिए। विदेश मंत्री यहां राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय के तीसरे दीक्षांत समारोह से इतर संवाददाताओं से बात कर रहे थे। जयशंकर ने घटना के बारे में एक सवाल पर कहा, ''मैंने खबरें देखी हैं। जैसा कि आप जानते हैं, हम इस बारे में चिंतित हैं। भारत के बाहर चरमपंथियों और अलगाववादी ताकतों को जगह नहीं मिलनी चाहिए। जो कुछ भी हुआ, उसके बारे में हमारे वाणिज्य दूतावास ने सरकार और वहां की पुलिस के पास शिकायत दर्ज कराई है और मुझे विश्वास है कि मामले की जांच की जा रही है।'

## पूजा अर्चना



गुवाहाटी में केंद्रीय आयुष एवं जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सनोवाल ने शनिवार को गुवाहाटी में मां कामाक्ष्या मंदिर में पूजा करते हुए।

# श्रीमद रामायण में 'कैकयी' की भूमिका निभाकर रोमांचित और खुश हैं शिल्पा सकलानी

मुंबई/वार्ता

जानेमानी अभिनेत्री शिल्पा सकलानी सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित होने वाले सीरियल श्रीमद रामायण में 'रानी कैकयी 'की भूमिका निभाकर बेहद रोमांचित और खुश है। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन दर्शकों के लिए लेकर 'श्रीमद रामायण' लेकर आ रहा है, जिसका प्रीमियर 01 जनवरी, 2024 को होगा और यह हर सोमवार से शुक्रवार रात 09 बजे, सिर्फ सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित होगा। शिल्पा सकलानी ने'श्रीमद रामायण' में रानी कैकयी की भूमिका निभायी है।

शिल्पा सकलानी ने कहा, जब मुझे श्रीमद रामायण में काम करने का प्रस्ताव मिला तो मैंने पहले ना कर दिया था। मेरी एक साल की बच्ची है। मैं उसे छोड़कर डेली शोप करने के बारे में सोंच भी नही सकती थी। स्वस्तिक प्रोडक्शंस के संस्थापक और श्रीमद रामायण के निर्माता सिद्धार्थ कुमार तिवारी ने मुझे एक बार फिर से शो करने के बारे में कहा और कहानी सुनने को कहा। भगवान चाहते थे कि मैं यह करूं तो फाइनली मैंने कैकयी का रोल किया।



शिल्पा सकलानी ने कहा, श्रीमद रामायण में बेहतरीन तरीके से हर चीज को दिखाया गया है, दर्शाया गया है। श्रीमद रामायण में कैकेयी की जो छवि है उसे अलग तरीके से दिखाया गया है।लोगों के मन में जो कैकयी की नेगेटिव छवि है, श्रीमद रामायण में उससे बहुत अलग है।श्रीमद रामायण में कैकयी का किरदार बिल्कुल भी नेगेटिव नहीं है।युवा इस शो से जुड़ाव महसूस करेंगे और उन्हें बहुत कुछ सीखने को मिलेगा। मैं बेहद खुश हूं कि मुझे श्रीमद रामायण में कैकयी का किरदार निभाने का अवसर मिला।मुझे अपने करियर मे दो-तीन रोल करने में बहुत मजा आया था। अब फाइनली मैं श्रीमद रामायण में काम कर मैं सुपर एक्साइटेड और रियली बेहद खुश हूं। उन्होंने कहा,रामायण में रानी कैकेयी दिलचस्प शख्सियत हैं, जिन्हें हम हमेशा भगवान राम के वनवास के पीछे के कारण के रूप में जानते हैं, लेकिन उनकी उदारता और बहादुरी भी सराहनीय है। श्रीमद रामायण का प्रभाव सिर्फ मनोरंजन से परे है, यह दर्शकों को भगवान राम की शिक्षाओं को अपने जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित करने का वादा करता है। शो में दर्शाए गए नैतिक पाठ, कालातीत ज्ञान और स्थायी मूल्य दर्शकों के दिल और दिमाग पर एक अमिट छाप छोड़ेंगे।मैं सोनी टीवी और स्वास्तिक प्रोडक्शन का शुक्रिया अदा करना चाहती हूं जिन्होंने मुझे 'श्रीमद रामायण' में रानी कैकयी का किरदार निभाने का अवसर दिया।

# मैं हमेशा से चाहती थी कि एक अभिनेत्री के रूप में लोग मुझे गंभीरता से लें : अनन्या

मुंबई/भाषा

अभिनेत्री अनन्या पांडे का कहना है कि अच्छे काम से बेहतर कोई दूसरी चीज नहीं है और वह चाहती हैं कि फिल्मों का उनका चयन एक अभिनेत्री के तौर पर उनके बेहतर होते अभिनय को दर्शाए। निर्माता करण जौहर की फिल्म 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2' से बॉलीवुड में कदम रखने वाली अनन्या को शकुन बत्रा द्वारा निर्देशित फिल्म 'गहराइयां' में उनके अभिनय के लिए काफी प्रशंसा मिली थी। अनन्या (25) ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, 'मैं हमेशा से चाहती थी कि एक अभिनेत्री के रूप में लोग मुझे



गंभीरता से लें। ऐसा नहीं है कि 'गहराइयां' के बाद यह (पसंद) बदल गई है। मेरी उम्र 20 साल से ज्यादा है और बढ़ती उम्र के साथ मैं बहुत सी चीजों से जुड़ रही हूं।' उन्होंने कहा, 'मैं विभिन्न प्रकार की फिल्में करना चाहती हूं। यह एक व्यक्ति के रूप में मेरे विकास से जुड़ा है। मेरी पसंद भी बदल रही है।'

अनन्या ने कहा, ' मैं सोच-समझकर कोई फैसला नहीं कर रही हूं। मेरी अपनी पसंद है और मैं गुप्त रूप से यह बता रही हूं कि मैं किसके साथ काम करना चाहती हूं लेकिन अच्छे काम से बेहतर कोई दूसरी चीज नहीं है। मैं उस पर ध्यान केंद्रित करने की कोशिश कर रही हूं।' अभिनेत्री ने कहा कि वह आभारी हैं कि बत्रा, अख्तर और मोटवानी जैसे फिल्म निर्माताओं ने उनपर विश्वास जताया।

# सलार ने रचा इतिहास, कमाए रिकॉर्ड 95 करोड़

मुंबई/एजेन्सी

प्रभास की सलार ने ओपनिंग डे पर इतिहास रच दिया है। शुक्रवार, 22 दिसंबर को किसी सुनामी की तरह रिलीज इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस के सारे रिकॉर्ड के परखच्चे उड़ा दिए हैं। प्रशांत नील के निर्देशन में बनी सलार साल 2023 की सबसे बड़ी ओपनिंग पाने वाली फिल्म बन गई है। इतना ही नहीं, यह अब तक देश में सबसे तगड़ी ओपनिंग वाली टॉप-10 की लिस्ट में भी चौथे नंबर पर आ गई है। इस लिस्ट में 10 में से 4 फिल्में प्रभास की हैं। साल 2023 में अब तक सबसे बड़ी ओपनिंग का रिकॉर्ड प्रभास की आदिपुरुष के नाम था, जो अब टूट चुका है। इतना ही नहीं, जिस 'डंकी' वर्सेस 'सलार' की बीते दो हफ्तों से लगातार चर्चा थी, उसमें प्रभास की 'सलार' के आगे शाहरुख की 'डंकी' घुटनों पर है। प्रशांत नील ने घ्र्र्र्र2 के बाद एक बार फिर साबित कर दिया है कि पर्दे पर एक्शन और हिंसा दिखाने में उनका कोई सानी नहीं है।

अब तक जिस 'एनिमल' में मार-काट और खूब खराबा को देख सोशल मीडिया सिहर रहा था, दिलचस्प है कि इससे दोगुने खूंखार 'सलार' को जमकर तालियां मिल रही हैं। 'सलार' ने एडवांस बुकिंग में ही साफ कर दिया था कि राजकुमार हिरानी के निर्देशन में बनी 'डंकी' उसके सामने कहीं नहीं टिकेगी। हालांकि, बाद में मल्टीप्लेक्स चेन और निर्माताओं के बीच उत्तर भारत व दक्षिण भारत में डंकी और सलार को बराबर स्क्रीन्स देने पर सहमति बनी जिससे उत्तर भारत में 'सलार' के शोज और स्क्रीन काउंट की संख्या में बढ़ोतरी हुई। 'सलार' ने ओपनिंग डे पर देश में 95.00 करोड़ रुपये का नेट कारोबार किया है। यह शुरुआती आंकड़े हैं।

# फिल्म सजन रे झूठ मत बोलो का गाना 'सूरज' रिलीज

मुंबई/वार्ता

प्रदीप पांडेय चिंटू और हर्षिका पूनाचा की आने वाली फिल्म सजन रे झूठ मत बोलो का गाना 'सूरज' रिलीज हो गया है। गाना 'सूरज' वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। इस गाने में दिख रहा है कि प्रदीप पांडेय बेड पर सोये हुए हैं, उनके पास गीले काले घने बालों वाली लाल साड़ी पहने हर्षिका पूनाचा हाथ में चाय की कप लिए हुए आती हैं और बड़े प्यार से जगाती हैं।

गाने में प्रदीप पांडेय चिंटू कहते हैं कि 'बदलल नजर बाटे बदलल नजरिया, ई कइसन एहसास बा, रात भर चासनी में डूबल ह ई सूरज, एहि से त धूप में भी एतना मिठास बा... रोमांटिक सांग 'सूरज' को अविक दोजेन



चटर्जी ने गाया है। इसके संगीतकार मधुकर आनंद हैं। गीतकार सत्या सावरकर ने इस गीत को लिखा है। फ़िल्म की प्रोड्यूसर ज्योति देशपांडे, अभय सिन्हा और टीनू वर्मा हैं। निर्देशक प्रेमांशु सिंह हैं। इस फिल्म का म्यूजिक राईट्स वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स के पास है।

# 'आवाज दे कहाँ है, दुनिया मेरी जवां है'



मुंबई/वार्ता

सिने जगत में मल्लिका-ए-तरन्नुम के नाम से मशहूर पार्श्वगायिका अल्लाहवासी उर्फ नूरजहाँ ने अपनी आवाज में जिन गीतों को पिरोया वे आज भी अपना जादू बिखरते हैं। 21 सितंबर 1926 को पंजाब के एक छोटे से कस्बे कसुर में एक मध्यमवर्गीय परिवार में जब नूरजहाँ का जन्म हुआ तो नवजात शिशु के रोने की आवाज को सुन बुआ ने कहा- इस बच्ची के रोने में भी संगीत की लय है। नूरजहाँ के माता-पिता थिएटर में काम किया करते थे। घर में फिल्मी माहौल होने के कारण नूरजहाँ का रुझान बचपन से ही संगीत की ओर हो गया था।नूरजहाँ ने यह निश्चय किया कि बतौर पार्श्वगायिका अपनी पहचान बनाएगी। उनकी माता ने नूरजहाँ के मन में संगीत के प्रति बढ़ते रुझान को पहचान लिया। उन्हें इस राह पर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया और उनके लिए संगीत सीखने की व्यवस्था घर पर ही करा दी।

नूरजहाँ ने संगीत की प्रारंभिक शिक्षा कजानबाई से और शास्त्रीय संगीत की शिक्षा उस्ताद गुलाम मोहम्मद तथा उस्ताद बड़े गुलाम अली खान से ली थी। वर्ष 1930 में नूरजहाँ को इंडियन पिक्चर के बैनर तले बनी एक मूक फिल्म 'हिन्द के तारे'में काम करने का मौका मिला। इसके कुछ समय के बाद उनका परिवार पंजाब से कोलकाता चला आया। इस दौरान उन्हें करीब 11 मूक फिल्मों में अभिनय करने का मौका मिला।वर्ष 1931 तक नूरजहाँ ने बतौर बाल कलाकार अपनी पहचान बना ली थी। वर्ष 1932 में प्रदर्शित फिल्म शशि पुन्नु नूरजहाँ के सिने करियर की पहली टॉकी फिल्म थी। इस दौरान नूरजहाँ ने कोहिनूर यूनाइटेड आर्टिस्ट के बैनर तले बनी कुछ फिल्मों में काम किया। कोलकाता में उनकी मुलाकात फिल्म निर्माता पंचोली से हुई।

पंचोली को नूरजहां में फिल्म इंडस्ट्री का एक उभरता हुआ सितारा दिखाई दिया और उन्होंने उन्हें अपनी नई फिल्म गुल-ए-बकावली लिए चुन लिया।इस फिल्म के लिए नूरजहाँ ने अपना पहला गाना 'साला जवानियाँ माने और पिंजरे दे विच' रिकॉर्ड कराया। लगभग तीन वर्ष तक कोलकाता रहने के बाद नूरजहाँ वापस लाहौर चली गई। वहाँ उनकी मुलाकात मशहूर संगीतकार जी.ए. चिश्ती से हुई, जो स्टेज प्रोग्राम में संगीत दिया करते थे। उन्होंने नूरजहाँ से स्टेज पर गाने की पेशकश की जिसके एवज में नूरजहाँ को प्रति गाना साढ़े सात आने दिए गए। साढ़े सात आने उन दिनों अच्छी खासी राशि मानी जाती थी।वर्ष 1939 में निर्मित पंचोली की संगीतमय फिल्म गुल-ए-बकावली की सफलता के बाद नूरजहाँ फिल्म इंडस्ट्री की चर्चित शख्सियत बन गईं। इसके बाद वर्ष 1942 में पंचोली की ही निर्मित फिल्म खानदान की सफलता के बाद नूरजहाँ बतौर अभिनेत्री फिल्म इंडस्ट्री में स्थापित हो गईं।

फिल्म खानदान में नूरजहां पर फिल्माया गाना 'कौन सी बदली में मेरा चाँद है आजा' श्रोताओं के बीच काफी लोकप्रिय भी हुआ। फिल्म खानदान की सफलता के बाद नूरजहाँ ने फिल्म के निर्देशक शौकत हुसैन से निकाह कर लिया। इसके बाद वे मुंबई आ गईं। इस बीच नूरजहाँ ने शौकत हुसैन की निर्देशित नौकर, जुगनू (1943) जैसी फिल्मों में अभिनय किया।नूरजहां अपनी आवाज में नित्य नए प्रयोग किया करती थीं। अपनी इन खूबियों की वजह से वे ठुमरी गायिकी की महारानी कहलाने लगीं। इस दौरान नूरजहाँ की दुहाई (1943), दोस्त (1944) और बड़ी माँ, विलेज गर्ल (1945) जैसी कामयाब फिल्में प्रदर्शित हुई। इन फिल्मों में उनकी आवाज का जादू श्रोताओं के सिर चढ़कर बोला। इस तरह नूरजहाँ मुंबइया फिल्म इंडस्ट्री में मल्लिका-ए-तरन्नुम कही जाने लगीं।



# फिल्म 'देवा' के पहले शेड्यूल की शूटिंग पूरी

मुंबई/वार्ता

बॉलीवुड अभिनेता शाहिद कपूर और अभिनेत्री पूजा हेगड़े स्टारर देवा के पहले शेड्यूल की शूटिंग मुंबई में पूरी हो गयी है। रोशन एंड्रयूज निर्देशित और सिद्धार्थ रॉय कपूर निर्मित एक्शन थ्रिलर फिल्म देवा का निर्माण निर्माण ज़ी स्टूडियो और रॉय कपूर फिल्म्स द्वारा किया जा रहा है।

देवा की शूटिंग अक्टूबर 2023 के अंत में शुरू हुयी। देवा के पहले शेड्यूल की शूटिंग मुंबई में पूरी हो गयी है। 'देवा' दशहरे के अवसर पर 11 अक्टूबर, 2024 को रिलीज़ होगी।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
www.dakshinbharat.com
epaper.dakshinbharat.com
बेंगलूरु | रविवार | 24-12-2023 /dakshinbharat /dakshinbharat
DAKSHIN BHARAT RASHTRAMAT HINDI DAILY
RNI No. 58061/93. Regn No.:
RNP/KA/BGS/2050/2018-2020
Posted at Bengaluru PSO
Mysore Road Bengaluru-560 026.



# बेहतरीन फैशन कलेक्शन के साथ सबको लुभा रही 'हाई लाइफ ब्राइड्स' प्रदर्शनी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। देश के बेहतरीन ब्राइडल शोकेस 'हाई लाइफ ब्राइड्स' प्रदर्शनी में रौनक छाई हुई है। इसका यहां 'ताज वेस्ट एंड' में 22 दिसंबर को आगाज हुआ था। यह आयोजन 24 दिसंबर तक जारी रहेगा। इसका समय सुबह 10 बजे से रात 8 बजे तक है। आयोजकों ने बताया कि फैशन और लाइफस्टाइल प्रदर्शनियों में भारत की ट्रेंड-सेटर हाई लाइफ एग्जिबिशन द्वारा इसे पेश किया जा रहा है।

इस लेटेस्ट वेडिंग एडिशन में, यह अपनी रचनात्मकता दिखाने के लिए शादी के परिधान, दुल्हन के लिए आवश्यक चीजों और आभूषणों में शीर्ष ब्रांड्स के लिए जीवंत मंच है। इसे लग्जरी और खूबसूरती के अतिरिक्त स्पर्श के साथ खास बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

इसके अलावा ब्राइडल, गोल्ड, फुट वियर, बेड लिनन, नेल आर्ट, लहंगा, डायमंड, बैग और क्लच, फर्निशिंग, स्किन केयर, कस्टम मेड, सिल्वर, कमर बेल्ट, रग्स एंड कार्पेट, फेस केयर, कीमती स्टोन्स, हेयर एक्सेसरीज, फर्नीचर, बालों की देखभाल, डिजाइनर सूट, मिट्टी के बर्तन, हाथ से बने साबुन, पोशाक, पेंटिंग, सुगंध संग्रह, भित्ति चित्र, डिजाइनर साड़ी, मास्क, ब्लाउज, फॉर्मल वियर, ऑफिस वियर, दीया, कैजुअल, कैंडल्स, सेमी कैजुअल, स्टेशनरी, लाउंज, ट्राउसेउ पैकिंग, पार्टी वियर, गिफ्टिंग, मेन्स एथनिक वियर, किड्स वियर, शॉल और स्टोल आदि के प्रति खास आकर्षण है।

आयोजकों ने बताया कि हाई लाइफ ब्राइड्स का विजिट उन सब लोगों के लिए खास होगा, जो परफेक्ट वेडिंग की प्लानिंग कर रहे हैं। चाहे आप पारंपरिक ढंग से शादी कर रहे हों या अपने आधुनिक ब्राइडल लुक में जादू का स्पर्श जोड़ने के लिए उत्सुक हों, यह आयोजन आपके लिए है।



जीतो महिला विग साउथ द्वारा जीतो बिजनेस नेटवर्क के तहत सदस्यों का अभिविन्यास (ओरिएंटेशन) कार्यक्रम का आयोजन चामराजपेट स्थित जीतो कार्यालय में हुआ।

# जीतो साउथ की महिला सदस्याओं ने बढ़ाया अपना बिजनेस नेटवर्क

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। जीतो महिला विंग साउथ द्वारा जीतो बिजनेस नेटवर्क के तहत सदस्यों का अभिविन्यास (ओरिएंटेशन) कार्यक्रम का आयोजन चामराजपेट स्थित जीतो कार्यालय में हुआ। मुख्य वक्ता तुषार बाफना, विकेश जैन और विशाल जैन ने जेबीएन महिलाएं रेफरल समूह के बारे में विस्तार से समझाया। उन्होंने कहा कि व्यापार के अतिरिक्त आपसी पहचान और जानकारी मिल जाती है। केवल अपने फायदे के लिए यहाँ जुडना उद्देश्य नहीं होना चाहिए, अपितु नये लोगों से मिलना, परस्पर संबंध रखना, आपसी संबंधों को प्रगाढ़ करना मुख्य उद्देश्य होना चाहिए। इस समूह के सफल परिणामों की जानकारी दी गई। समूह की व्यवसायों से अवगत करवाया गया। इन समूह में महिलाएँ इससे लाभान्वित हो सकती हैं। कार्यक्रम का संचालन मुख्य सचिव मोनिका पिरगल ने किया। जेबीएन की संयोजिका प्रतिमा जैन ने बताया कि हर 15 दिन में एक बार मिल कर इस समूह को बड़ा रूप दिया जा सकता है। सभी प्रतिभागियों ने 30 सेकंड में अपना अपना परिचय दिया। इस आयोजन में अनेक नए सदस्य बने। कार्यक्रम में करीब 50 प्रतिभागी उपस्थित थे। सचिव मोनिका पिरगल बिनायकिया ने धन्यवाद दिया। इस अवसर पर अध्यक्षा सुनिता गाँधी, उपाध्यक्ष प्रभा गुलेच्छा, कोषाध्यक्ष भारती तलेसरा, सहसचिव नीलम ललवानी, नीलम सांड़, निशा टुकलिया, प्रिया गांधी, नीधि पालरेचा आदि उपस्थित थीं।

## सम्मान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



बेंगलूरु के स्नेहजीवी नागरिक संघ द्वारा अण्णाम्मा देवी पूजा महोत्सव मनाया गया जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने के लिए उपस्थित हुए। इस मौके पर विशेष अतिथि महेंद्र मुणोत ने देवी मां की पूजा अर्चना कर अन्नदान कार्यक्रम का शुभारंभ किया। आयोजकों ने मुणोत को सम्मानित किया।



# 'खागा' के वार्षिक कैलेण्डर का हुआ विमोचन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक होजरी एवं गारमेंट एसोसिएशन की मासिक बैठक में वार्षिक कैलेंडर 2024 का विमोचन किया गया।

कैलेंडर के मुख्य सहयोगी सुभाष भंसाली, महेंद्रा क्रिएशन वालों का अध्यक्ष प्रकाश भोजानी, सचिव कैलाश बालर ने सम्मान किया।

इस मौके पर खागा के पूर्व अध्यक्ष दिलीपकुमार जैन के कर्नाटक इनरवियर एसोशिएशन के अध्यक्ष निर्वाचित होने पर खागा द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष पीएच राजपुरोहित, उपाध्यक्ष पदमसिंह राजपुरोहित, सहसचिव बिशनसिंह विराणा, सिद्धार्थ जैन, जोगेश जैन कोषाध्यक्ष गिरधारीलाल राजपुरोहित, पूर्व अध्यक्ष गौतमचंद पोरवाल सहित अनेक सदस्य उपस्थित थे।



# खास पर्व पर की गई आराधना अति फलदायी : आचार्य महेन्द्रसागरसूरी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

सागर। शहर के कुंथुनाथ जैन मंदिर में उपस्थित श्रद्धालुओं ने आचार्यश्री महेन्द्रसागरसूरीश्वरजी की निश्रा में पर्व आराधना की। आचार्यश्री ने पर्व महिमा बताते हुए कहा कि जैसे पर्युषण, नवपद, आयंबिल ओळी पर्व का महत्व है उसी तरह मौन ग्यारस यानी की मौन एकादशी का भी महत्व है। यह पर्व मागसर सुदी एकादशी के दिन आता है।

यह पावन दिन उन खास लोगों के लिए होता है जो कार्यों में व्यस्त रहने के कारण धर्म आराधना नहीं कर पाते हैं। इस पर्व को भी पर्युषण पर्व की तरह ही तप-जप-स्वाध्याय में लीन, होकर उल्लासपूर्वक मनाना चाहिए। इस दिन संपूर्ण मौन चौविहार आदि जल रहित उपवास-और रात दिन यानी पूरे दिन का तप घंटे का पौषध-देवनंदन आदि विधि से करना होता है। वर्ष के दो ही दिन ऐसे होते हैं जहां कुछ नहीं कर पाएंगे, एक है बीता हुआ कल और दूसरा है आनेवाला कल। आज ही हमेशा हमारे साथ है, प्रेम के लिए विश्वास के लिए जीने के लिए और धर्म करने के लिए ।

# वाणी संयमित और मधुर होना चाहिए : मुनि दीपकुमार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



केजीएफ। शहर के मालूर में गादिया भवन में विराजित मुनिश्री दीपकुमारजी ने अपने दो दिवसीय प्रवास के पहले दिन कहा कि वाणी का संयम बहुत जरूरी है। आज वाणी का असंयम बहुत हो रहा है, इससे बहुत से झगड़े- विवाद पैदा हो रहे हैं। वाणी संयम के साथ जो भी बोले मधुरता से बोले। मधुर भाषा में कही गई बात दिल को छू जाती है और वातावरण खुशनुमा हो जाता है। बोलने से पहले सोचे, मुझे क्या बोलना चाहिए? क्या नहीं बोलना चाहिए?

ऐसा व्यवहारिक अभ्यास जीवन में सकारात्मक बदलाव ला सकता है। मुनिश्री काव्यकुमारजी ने कहा कि जीवन में सरलता बहुत जरूरी है। जहां सरलता नहीं, कुटिलता है वहां मित्रता का नाश होता है। मुनिश्री कल केजीएफ. की ओर विहार करेंगे तथा तेरापंथ भवन में नववर्ष का वृहद मंगल पाठ होगा।



# पोरवाल महिला ट्रस्ट ने चार विद्यार्थियों को लैपटॉप भेंट किए

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के गोड़वाड़ भवन में पोरवाल महिला जैन ट्रस्ट की ओर से 4 साधर्मिक विद्यार्थियों को लैपटॉप दिया गया। पोरवाल महासंघ के पूर्व अध्यक्ष प्रकाश राठौड़ की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ओमप्रकाश जैन व कुमारपाल सिसोदिया उपस्थित थे। वीणा पोरवाल ने प्रकाश राठौड़ का, चंदनबाला ने ओमप्रकाश जैन का परिचय दिया। संस्था की अध्यक्ष कविता पोरवाल ने संस्था की गतिविधियों की जानकारी देते हुए कहा कि संस्था हमेशा समाज विकास व सहयोग का कार्य करती रहती है। उन्होंने अध्यक्ष प्रकाशचन्द राठौड़ की उदारता के प्रति धन्यवाद दिया। कुमारपाल सिसोदिया ने गोड़वाड़ महासभा की ओर से जैन समुदाय की जनसंख्या को बढ़ाने के उद्देश्य से चलाई जा योजनाओं के बारे में विवरण दिया। उन्होंने योजना की जानकारी देते हुए इस योजना को बल देने का आह्वान किया।

सभा के अध्यक्ष प्रकाश राठौड़ ने गोड़वाड़ महासभा के कुमारपाल सिसोदिया द्वारा बताई योजना की सराहना की तथा ओमप्रकाश जैन के उदारता के लिए धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में संगीता तिलावत, सपना पोरवाल, मंजू जैन आदि उपस्थित थीं। कार्यक्रम का संचालन दीपमाला पोरवाल ने किया ।





# जैन अणुप्पेहा ध्यान योग साधना द्वारा तनाव से मुक्त होना आसान : साध्वी सुयशनिधि

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। जयगच्छीय सन्त डॉ. पदमचन्द्रजी म.सा. द्वारा प्रतिपादित जैन अणुप्पेहा ध्यान योग साधना पद्धति को जन-जन तक पहुँचाने हेतु जेपीपी जैन समणी सेन्टर के प्रांगण में जयगच्छीय समणी डॉ. सुयशनिधिजी एवं सुयोगनिधिजी के सान्निध्य में त्रिदिवसीय तनाव मुक्ति हेतु जैन अणुप्पेहा ध्यान योग साधना शिविर का आयोजन किया गया है।

शनिवार को प्रथम सत्र में डॉ. समणीजी ने कहा कि आज हर कोई तनाव से ग्रस्त है। परेशानी, उलझन, सवाल, दुविधा, उदासी, समस्या-ये सब अब डिक्शनरी में नहीं, जिन्दगी के साथ घुल-मिल गए हैं। तनाव-चिंता के कारण रिश्तों में कड़वाहट, शारीरिक अस्वस्थता, मानसिक एवं वैचारिक असंतुलन की वजह से जीवन में व्यक्ति दिग्भ्रमित हो जाता है।

डॉ. समणी ने कहा कि समस्या, तनाव, उलझन आदि जो भी हो, उन्हें जड़ से जब तक नहीं निकालेंगे, तब तक बार-बार जीवन में परेशानियों का शिकार व्यक्ति बन जाता है।

ध्यान एक ऐसा माध्यम है जो मनुष्य को अपनी मनोद्शा को सकारात्मक बनाने में मदद करता है। ऐंक्जाइटी के कुछ लक्षणों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि साधक अपनी सोच द्वारा, स्वयं के अनुभवों द्वारा एवं दूसरों की अनुभूतियों के माध्यम से मस्तिष्क में धारणा बना लेता है और उसी के अनुरूप उसका बर्ताव होता है, जो दूसरों को नजर आता है। अणुप्पेहा ध्यान के चौथे चरण के अन्तर्गत समणीवृन्द ने श्वासोच्छ्वास की प्रक्रिया का अभ्यास करवा कर ध्यान की गहराई में जाकर तनाव को दूर करने का प्रशिक्षण दिया। ध्यान सत्र के पश्चात् मौजूद सभी शिविरार्थियों ने ध्यान के अनुभवों से अत्यधिक प्रसन्न हुए। 25 दिसम्बर चल चलने वाले इस शिविर में मूर्तिपूजक संघ के विमल शांति महिला मण्डल, शांति नवकार बालिका मंडल एवं जैन शांति नवकार मंडल के सदस्यों ने अपनी सेवाएं दी। रमेश सियाल, रमेश गुगलिया, महेश आच्छा एवं जैनम के सदस्यों ने भी अपनी सेवाएं प्रदान की।




## क्रिसमस

तेलंगाना की राज्यपाल डॉ. तमिलैसाई सुंदरराजन शनिवार को हैदराबाद में राजभवन परिवार में क्रिसमस मनाती हुईं।

# 'सिगा' की नई कार्यकारिणी समिति का हुआ गठन

बेंगलूरु/दक्षिण भारत । साउथ इंडिया गारमेन्ट एसोसिएशन(सिगा) की बैठक सम्पन्न हुई जिसमें वर्ष 2024-26 के नए अध्यक्ष अनुराग सिंघला के नेतृत्व में नई कार्यकारिणी समिति का गठन किया गया जिसमें नरेश लखनपाल व किशोर जैन को उपाध्यक्ष, राजेश चावत को सचिव, गोविन्द मूंदड़ा को सहसचिव, तेजस मेहता को कोषाध्यक्ष बनाया गया है।

धानेश शाह, राज टेकरीवाल, सत्यनारायण व अजीत जैन को कार्यकारिणी सदस्य व कपिल जैन, कुंदन जैन, एसके जैन व संतोष कामत को आमंत्रित सदस्य के रूप में शामिल किया है।

Printed & Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company, 6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51 and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**,
(*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.
HEAD OFFICE : DAKSHIN BHARAT RASHTRAMAT, New Media Company, 6/4, Cantonment Station Road, Bangalore 560051. Editorial : 080-25363030 / 9945488003. For Advertisement : 9945488002 - email : news@dakshinbharat.com